हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024



# खरमास प्रारंभ..महीनेभर नहीं सजेंगे मंडप, मकर संक्रांति से फिर गूंजेगी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कहते हैं जब राजा की ग्रह दशा बदलती है तो इसका प्रभाव लोगों के जीवन और परंपराओं के निर्वहन पर भी पड़ता है। बस ऐसा ही कुछ 15 दिसंबर की रात 10 बजकर 12 मिनट से प्रभावी हो गया है। दरअसल रविवार की रात से गुरू ग्रह व धनु राशि में ग्रहों के राजा सूर्य का प्रवेश कर गया है। इस स्थिति में सूर्य 14 जनवरी यानी मकर संक्राति तक रहेंगे। जिसके चलते शादियों में ब्रेक लग गया है। महीनेभर का खरमास होने से शुभ विवाह के लिए 16 जनवरी से ही शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके साथ ही लग्न मंडप सजेंगे और एक बार फिर शहनाई की गूंज सुनाई देगी।

सनातन धर्म से जुड़े लोग हर काम शुभ मुहूर्त में करना चाहते हैं। कहते हैं कि शुभ मुहूर्त में होने वाले कार्यों के सफल होने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसा ही एक मांगलिक कार्य है शादी। इसमें तिथि तय करने से पहले ही शुभ मुहूर्त देखा जाता है। अगर शुभ मुहूर्त नहीं मिलता है तो वर-वधु पक्ष के लोग शादी की तारीख को ही आगे बढ़ा देते हैं। पंडितों की माने तो शनिवार यानी 14 दिसंबर को शुभ विवाह के लिए साल 2024 का अंतिम मुहूर्त है।

इसके बाद 15 दिसंबर से खरमास शुरू होने से लोगों को 30 दिन मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त नहीं मिलेंगे। इसके बाद 15 जनवरी तक शुभ मुहूर्त नहीं है। कुल मिलाकर 30 दिनों के बाद नए साल में ही अब लग्न वेदी सजाई जाएगी। हालांकि इस बीच कुछ समाज में शादियां देखने को जरुर मिलेगी।

## तीन महीने बाद की अभी से भवन बुकिंग शुरू, कैटरिंग-बैंड बाजा के भी आर्डर

### जनवरी-फरवरी में 14 मुहूर्त

महाराज ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार जनवरी में विवाह के लिए 16, 17, 21, 22 और 23 तारीख को अच्छा मुहूर्त मिल रहा है। इसके बाद फरवरी में 3, 4, 6, 7, 13, 18, 20, 21 और 25 तारीख को लग्न वेदी के लिए उत्तम मुहूर्त मिलेंगे। इन मुहूर्तों में सबसे ज्यादा शादियां होने वाली है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस समय ठंड और गर्मी के मध्य का खुशनुमा मौसम होता है। आने वाले मेहमानों के लिए भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। लगातार मुहूर्त का क्रम तेज होने से नए साल के पहले महीने से ही बाजार में भी रौनक बढ़ने के आसार हैं।



### 14 मार्च से फिर लगेगा विराम

मार्च महीने में 3, 5, 6 और 12 मार्च की तिथि शादी के लिए शुभ मानी गई है। इसके बाद 14 मार्च से 14 अप्रैल के बीच एक बार फिर वैवाहिक आयोजनों पर विराम लगेगा। 6 मार्च से होलाष्टक भी प्रभावी होगा। वहीं अप्रैल में 8 शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इनमें आपके पास ज्यादा विकल्प रहेंगे। इस महीने में 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29 और 30 को मैरिज प्लान किया जा सकता है। इसके बाद मई में 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27 व 28 को शादी के लिए शुभ तिथि मिलेगी।

---

### आरक्षण के चलते पहले ही दौड़ से बाहर हो जाएंगे 34 वार्ड के दावेदार

# महिलाओं के कोटे में आएंगे 18 वार्ड, एससी-एसटी 9, सर्वाधिक 17 होंगे ओबीसी आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अगली शहर सरकार चुनने को लेकर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के बाद अब आरक्षण की प्रक्रिया की बारी आ गई है। आगामी 19 दिसंबर को नगर निगम के 51 वार्डों का आरक्षण किया जाएगा। इस बार शहर के 51 में से 18 वार्ड महिलाओं के खाते में चले जाएंगे। जबकि 6 एससी एवं तीन वार्ड में एसटी कोटा का प्रत्याशी ही मैदान में उतर सकेगा। ओबीसी वर्ग के लिए 17 वार्ड आरक्षित किए जाएंगे। ऐसे में करीबन 34 वार्ड में आरक्षण के साथ ही उन वार्डों में चुनाव की तैयारी कर रहे दावेदारों को झटका लगने वाला है। इनमें कई वरिष्ठ नेताओं के वार्डों पर भी असर पड़ सकता है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार जिले में 19 दिसंबर को सभी चार निकाय के वार्डों का आरक्षण किया जाना है। इसी दिन यह साफ हो जाएगा कि कौन से वार्ड में किस वर्ग का प्रत्याशी मैदान में उतर सकेगा। राजनीतिक दलों के साथ ही इन वार्डों में चुनाव की तैयारी कर रहे नेताओं की भी नजरें आरक्षण पर टिकी हुई है। वहीं महापौर एवं नपा अध्यक्ष, नपं अध्यक्षों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया राजधानी रायपुर में पूरी की जाएगी।




### महापौर आरक्षण पर भी निगाहें

वार्डों के आरक्षण के अलावा शहर की नजरें महापौर पद को लेकर होने वाले आरक्षण पर भी टिकी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रबल संभावना है कि इस बार मेयर का पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हो सकता है। ऐसे में इसको ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों की संभावित सूची भी दोनों दलों में तैयार कर ली गई है। इसमें नए चेहरे भी शामिल हैं।

### आधे से अधिक प्रत्याशी बदलेंगे

दोनों राजनीतिक दलों ने निकाय चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा एवं कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार भी बड़ी संख्या में नए प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। बताया गया कि मौजूदा पार्षदों में से भाजपा जहां 70 फीसदी से अधिक नए चेहरों को मौका देगी। वहीं कांग्रेस भी 60 फीसदी से अधिक प्रत्याशियों को बदलने के लिए बेहतर चेहरे खोज रही है।

### ओबीसी वर्ग को मिलेगा मौका

सूत्रों की माने तो नए आरक्षण के अनुसार शहर में इस बार 51 में से लगभग 17 वार्ड ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इनमें एससी व एसटी के लिए आरक्षित होने के बाद शेष वार्डों में से 17 का चयन किया जाएगा। संभावना अनुसार कई बड़े नेताओं के वार्ड इस बार ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हो सकते हैं। ज्ञात हो कि 17 ओबीसी में से छह वार्ड ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित होंगे।

### यह वार्ड जाएंगे एसटी-एससी कोटे में

जिन वार्डों में एससी व एसटी की मतदाता संख्या अधिक होती है, उन्हें ही इस वर्ग के लिए आरक्षित किया जाता है। ऐसे में शहर का वार्ड क्रमांक 2, 18, 20, 21, 39 या 44 में से किसी तीन वार्ड को एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किया जा सकता है। वहीं एससी वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 7, 8, 11, 12, 20, 36, 40 या 43 में से किसी छह वार्ड को आरक्षित किया जा सकता है। ज्ञात हो कि एसटी के तीन में से एक व एससी के लिए आरक्षित होने वाले छह में से दो वार्ड महिलाओं के खाते में जाएंगे।

---

### शासन से मानदेय निर्धारण करने किया आग्रह

# समूह गठन करवाने वाली महिलाओं को नहीं मिल रहा काम, लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिलाओं को बचत योजनाओं से जोड़कर महिला समूहों का गठन करवाने वाली महिलाओं को बीते कुछ वर्षों से कार्य नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते उनको मानदेय भी नहीं मिल रहा है। इन महिलाओं ने आज कलेक्टर को ज्ञापन देकर मानदेय निर्धारित करने का आग्रह किया है। वहीं विगत 5 वर्षों से पारिश्रमिक भुगतान नहीं होने को लेकर भी मांग की है।

जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र से लगभग 20 की संख्या में सीआरपी यानि सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति के रूप में कार्य कर रही महिलाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर बीते लगभग 5 वर्षों से उन्हें कार्य नहीं दिए जाने और किए गए कार्य का पारिश्रमिक भुगतान हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्ट कार्यालय पहुंची महिलाओं ने मांग की है कि उनका मानदेय निर्धारित किया जाए और एनओएलएम योजना अंतर्गत सभी सीआरपी को पारिश्रमिक भुगतान करवाया जाए।



### वर्ष 2019 से नहीं मिल रहा काम

सीआरपी सविता साहू और हेमा सेंगर ने कहा कि वर्ष 2013-14 में उन्हें महिला समूह के गठन और महिलाओं को बचत के संबंध में जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके माध्यम से उन्होंने महिलाओं को बचत की योजनाओं से जोड़ा और महिला समूह का गठन कराया। इसके लिए उन्हें 400 रुपए महिला समूह गठन के लिए और 40 रुपए फॉर्म भरने हेतु पारिश्रमिक दिया जाता था, लेकिन वर्ष 2019 से उन्हें कोई कार्य नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते उन्हें पारिश्रमिक भुगतान भी नहीं हो रहा है।

### 5 वर्षों से नहीं हुआ पारिश्रमिक भुगतान

महिलाओं ने कहा कि भारत सरकार के शहरी विकास एवं आवासन मंगलय नई दिल्ली के माध्यम से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कार्य का क्रियान्वयन करने महिला समूहों का गठन और समूहों के रजिस्टर का संधारण कार्य सीआरपी के माध्यम से किया जा रहा है। सभी महिला सीआरपी महिलाओं की बैठक लेकर बैंक में खाता खुलवाते हैं। जिसके कार्य के लिए पारिश्रमिक भुगतान होता है, लेकिन विगत 5 वर्षों से कार्यों का पारिश्रमिक भुगतान नहीं किया जा रहा है।

---

# पुत्र की मौत के सदमे में बुजुर्ग पिता का भी निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





शहर के गांधी चौक के पास एक युवक की मौत होने का सदमा बुजुर्ग पिता सहन नहीं कर पाया और सदमे में उनका भी निधन हो गया। पिता एवं पुत्र का अंतिम यात्रा एक साथ निकाली गई। इस घटनाक्रम से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के गांधी चौक के पास निवासी अमित कुमार हरिहारनों उम्र लगभग 41 वर्ष ने मंगलवार की सुबह अपने घर में

⏩ शेष पेज 14 पर

### एक साथ दो मौत से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त

बताया गया कि अमित कुमार की मृत्यु होने से उनके बुजुर्ग पिता विजय हरिहारनों उम्र लगभग 72 वर्ष सदमे में आ गए और कुछ देर बाद उनका निधन हो गया। बताया गया कि वे रिटायर्ड बीएसपी कर्मी थे। इस घटनाक्रम से परिवार में दुखों का पहाड टूट पड़ा है। वहीं इस घटना की जानकारी आसपास के लोगों को जैसे हुई, क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। दोपहर को पिता एवं पुत्र का एक साथ अंतिम यात्रा निकाली गई। जिनका लखोली मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही, जिन्होंने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

# हरित कुंभ के लिए एक थाली और एक थैला संग्रहण में महिलाओं का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 13 जनवरी से प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले को हरित कुंभ बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में एक थाली और एक थैला अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हो गई है और उत्साह के साथ थाली और थैला एकत्रित कर रही है।

महाकुंभ के दौरान डिस्पोजल, प्लास्टिक के कचरे को कुंभ से मुक्त करने के लिए यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं हेतु थाली और थैला एकत्रित किए जा रहे हैं। इस अभियान को राजनांदगांव पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया जा रहा है। शांतिनगर क्षेत्र से थैला और थाली एकत्रित का कर महिलाओं ने पर्यावरण संगठन गतिविधि के कार्यकर्ताओं को शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में इस कुंभ मेले के लिए सौंपा है।



### तीन हजार से अधिक थाली एकत्रित

हरित कुंभ के लिए चलाए जा रहे इस अभियान को लेकर सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि पर्यावरण में सहभागिता निभाने हेतु प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ बनाने एक थैला एक थाली अभियान चलाया जा रहा है, जिसे प्रयागराज के कुंभ मेले में श्रद्धालुओं के लिए भेजा जाएगा, ताकि यहां निकलने वाले कचरे को बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान से अब तक 3 हजार से अधिक थाली और थैला एकत्रित किया जा चुका है।

### बढ़-चढ़कर मिल रहा थाली का दान

महाकुंभ मेले के लिए थाली और थैला संग्रहण करने में जुटी शांतिनगर कैलाश धाम महिला शक्ति समिति दुर्गा मंदिर की महिलाएं उत्साह के साथ इस कार्य में अपनी भागीदारी निभा रही है। समिति की हेमलता प्रजापति ने बताया कि थाली और थैला संग्रहण अभियान को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। लोग बढ़-चढ़कर थाली और थैला का दान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक महिलाओं द्वारा 411 थाली, 53 गिलास और कटोरी एकत्रित की जा चुकी है।

---




# गुम नाबालिग रीवा में मिली

- अपहृता के मिलने पर परिजनों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिग बालिका के गुम हो जाने की सूचना पर पुलिस ने पतासाजी कर आपरेशन मुस्कान के तहत 48 घंटे में मप्र के रीवा से सकुशल बरामद किया है।

गैंदाटोला के अपराध धारा-137(2) बीएनएस के अपहृता जो बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसकी कायमी 13 दिसंबर से लगातार पता तलाश करते अपहृता को 15 दिसंबर को आरोपी शैलेंद्र चौधरी 20 वर्ष निवासी नगरिया मोहल्ला रीवा जिला रीवा (मप्र) से बरामद किया गया है। अपहृता के कथन अनुसार अभियुक्त को ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। अपहृता के मिलने पर अपहृता के परिजनो द्वारा खुशी जाहिर करते राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

---

### अब तक 69 हजार किसानों से 34 लाख क्विंटल धान की खरीदी

# उठाव की रफ्तार से प्रबंधक नाराज, 30 लाख क्विं. धान जाम, सभी 96 केंद्र में थमेगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी में उठाव की समस्या इस बार समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रही है। राइस मिलर्स द्वारा हड़ताल खत्म कर उठाव शुरू किए जाने के बाद भी जिले में उपार्जन केंद्रों से जाम की स्थिति बदली नहीं जा सकी है। हालत यह है कि जिले के सभी 96 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। जिले में ही 30 लाख क्विंटल उपार्जन केंद्रों में पड़ा हुआ है। महज सवा तीन लाख क्विंटल का ही उठाव हो पाया है।

ऐसे में सुस्त उठाव से नाराज चल रहे समिति प्रबंधकों ने कल यानि 19 दिसंबर से जिलेभर में खरीदी बंद करने का ऐलान कर दिया है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि उठाव के कार्य में तेजी आनी चाहिए, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है।

इधर राइस मिलर्स ने भी सोमवार से उठाव शुरू कर दिया है। हालांकि बताया जा रहा है कि मिलर्स भी शासन के दबाव के चलते उठाव कर रहे हैं। यही कारण है कि सीमित मात्रा का ही डीओ जारी हो पा रहा है। प्रशासन भी अपने स्तर पर उठाव तेज कराने में जुटा हुआ है, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते रफ्तार में बहुत अधिक तेजी नहीं आ पा रही है।



### टोकन की भी दिक्कतें

उठाव की सुस्त रफ्तार से जहां समिति प्रबंधक परेशान चल रहे हैं। वहीं टोकन की दिक्कतों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि आगामी 15 जनवरी तक सभी टोकन बुक कर लिए गए हैं। इसके बाद की तारीख के भी टोकन नहीं मिल पा रहे हैं। शासन ने ऑफलाइन और ऑनलाइन टोकन की सीमा तय कर दी है। इसके बावजूद किसानों को ऑफलाइन टोकन नहीं मिलने की शिकायतें लगातार आ रही है।

**राशि को लेकर इंतजार :** प्रदेश की साय सरकार किसानों से प्रति क्विंटल 3100 के दाम अनुसार धान खरीदी कर रही है। इसमें धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपए केंद्र सरकार द्वारा दिया जाता है। ऐसे में धान बेचने के बाद 72 घंटों के भीतर यह राशि आ जाती रही है, लेकिन शिकायतें सामने आ रही है कि अब किसानों को यह राशि भी सात से 10 दिनों की देरी से मिल रही है। कई किसानों को धान बेचने के दो सप्ताह बाद तक राशि नहीं मिली है।

### दबाव में मिलर्स, नाराज भी

राइस मिलर्स पुराने भुगतान के साथ ही परिवहन राशि में बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर उन्होंने हड़ताल शुरू की थी, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा राइस मिलर्स पर मारे गए छापे के बाद मिलर्स एसोसिएशन भी दबाव में आ गया है। भले ही उन्होंने दबाव में आकर हड़ताल समाप्त कर दी है, लेकिन उठाव में बहुत अधिक सहयोग अब भी मिलर्स नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि डीओ कम जारी हो पा रहा है।



## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय कबड्डी स्पर्धा 20 को

**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा में कबड्डी टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से आगामी 20 दिसम्बर को कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है। स्पर्धा में विजेता टीम को 10001 तथा उपविजेता को 7001 रूपए दिया जाएगा। तीसरा एवं चौथा आने वाली टीम को क्रमशः 3001, 2001 दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 301 रूपए निर्धारित है। आयोजक समिति ने क्षेत्र की टीमों से शामिल होने की अपील की है।

### धान खरीदी का निरीक्षण



**चिचोला।** तहसीलदार ने गत दिनों लालुटोला सोसायटी पहुंचकर खरीदी का जायजा लिया। उन्होंने धान के स्टॉक का निरीक्षण करते हुए किसानों से साफ सुथरा धान लाने कहा। इस दौरान यह बात सामने आई कि महराजपुर एवं लालुटोला सोसायटी से धान का उठाव नहीं होने से खरीदी बंद करने की नौबत आ गई है। यहां बड़ी मात्रा में धान जाम हो गया है।

### जयंती कार्यक्रम 19 को

**कुमरदा।** हैदलकोड़ों में आगामी 19 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि ब्लाक सतनामी समाज के अध्यक्ष राधेलाल जोशी, विशिष्ट अतिथि टीकमदास सतनामी, उमाशंकर मारकंडे होंगे। कार्यक्रम के तहत 12 बजे शोभायात्रा निकाला जाएगा। जय स्तंभ में ध्वजारोहण के बाद पंथी प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार ग्राम में 20 दिसंबर को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में दूरदर्शन कलाकार राजू साहू कृत गुरतुर बोली गंवई के जरहा नवागांव की प्रस्तुति होगी।

### किसान आंदोलन होगा तेज



**डोंगरगढ़।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने किसानों को धान बेचने में हो रही समस्याओं और सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ अछोली में गत दिनों धरना दिया। धरना में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शामिल होकर किसानों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद किया। श्री लोधी ने केंद्रों की अव्यवस्था दूर करने, बारदाने की आपूर्ति, टोकन प्रणाली को व्यवहारिक बनाने, धान का उचित वजन करने, उठाव व्यवस्था दुरूस्त करने, किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान करने की मांग रखा। उन्होंने कहा कि मांगों को पूरा करने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया तो किसान आंदोलन तेज किया जाएगा। सभा को विधायक हर्षिता बघेल, मदन साहू, सुरेश सिन्हा, चुम्मन साहू, गोकुल वर्मा, पंचराम चंदेल, योधन साहू, कीर्तन कंवर, गोकर्ण कोसले, दिनेतू जांगड़े, हरक पटेल ने संबोधित किया।

### लाइनेक्स सिस्टम पर व्याख्यान



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग में लाइनेक्स आपरेटिंग सिस्टम के महत्व पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन विभागाध्यक्ष बेद प्रकाश साहू एवं कंप्यूटर विभाग प्रभारी तूलिका चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य वक्ता दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष राजू खूंटे थे। श्री खूंटे ने लाइनेक्स आपरेटिंग सिस्टम की विस्तार से जानकारी देते हुए आईटी सेक्टर में इसके उपयोग एवं महत्व को समझाया। उन्होंने पीसी में इंस्टाल करने, बूटेबल, पेन ड्राइव, वर्चुअल मशीन, रिमोट डेस्कटाप आदि की जानकारी दी। अंत में श्री खूंटे को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन श्रीमती चक्रवर्ती ने किया।

## स्कूलों की अनदेखी कर रहे विभाग के अधिकारी

# चुनाव ट्रेनिंग में शिक्षक बच्चों की पढ़ाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ियान

विकासखंड के सरकारी स्कूल शनिवार को बंद रहे, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया था जिसके कारण बच्चों को बिना मध्यान्ह भोजन कराए छुट्टी दे दिया गया था।

जानकारी के अनुसार बेलगांव, बोरतलाव, बिल्हरी, भोथली, रेंगाकठेरा, सिवनीकला, मड़ियान, ठाकुरटोला को, चारभाटा, बागनदी, कोठीटोला, माड़ीतरई, पुरैना, मुगलानी, पलांदूर, बागरेकसा सहित अन्य संकुलो में जिनकी प्रातः 10 बजे से बैठक थी वहां स्कूल बंद मिले।



### अधिकारियों का संरक्षण

जानकारी के अनुसार विभाग के अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करने के बजाए कार्यालय में बैठकर टाईम पास करते रहते हैं। बताया जाता है कि यह सब कुछ कमीशन के लिए होता है।

### स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित

उल्लेखनीय है कि वनांचल के शिक्षकों की अनुपस्थिति को लेकर शिकायतें आते रहती है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों की मिलीभगत से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कुछ जगह शिक्षक की कमी है तो कुछ स्कूलों में शिक्षक महीने में दस दिन ही आते हैं जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती।

# अनियमितता के आरोप में सरपंच बर्खास्त

- नियम विरुद्ध कराया था मुरमीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत नारायणगढ़ की सरपंच शैलेद्री जोशी को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बर्खास्त कर दिया है।

जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ की मिलतीनबाई पति रामदयाल की निजी भूमि खसरा नंबर 1145 /4 रकबा 1.11 एकड़ में से 0.61 एकड़ का विधिवत शासन के पक्ष में स्वत्व घोषित कराए बिना, बाजार क्षेत्र में मुरमीकरण के नाम पर लाखों का बंदरबाट करने की शिकायत पंच मिथिलेश, आसाराम, संतराम, जफ़रअली सहित अन्य ने अनुविभागीय अधिकारी से किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच की गई। पेश प्रतिवेदन में शिकायतकर्ता का बयान, प्रतिपरीक्षण संलग्न दस्तावेज से यह का अवलोकन किया गया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि सरपंच ने मूलभूत कार्य हेतु आबंटित राशि का नियम विरुद्ध मुरमीकरण में उपयोग किया। सरपंच को पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (क ), (ख ) का दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश पारित किया है।

### आखिरकार सत्य की जीत

सरपंच के बर्खास्त होने की खबर सुन कर गांव के मिथिलेश, आसाराम, संतराम, जफर अली, गोविंद जोशी, फग्गूराम जोशी, गंभीर निषाद, मधु, शहाबुद्दीन, राजू गोस्वामी, येतन, बोदु सिन्हा सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई।

### कार्यालयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव।** शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर नगर सेना एवं अग्निशमन विभाग द्वारा जिला सेनानी जिला अग्निशमन अधिकारी अरूण सिंह के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की साफ-सफाई की गई। अभियान में आपदा प्रभारी नगर सेना एवं फायर स्टेशन प्रभारी के साथ फायर कर्मचारी, नगर सेना के जवान शामिल हुए।

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन



**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य संजय देवांगन द्वारा ऊर्जा संरक्षण करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है तथा इसका कैसे आने वाले पीढ़ी के भविष्य पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, उस तथ्य पर गहरी चिंतन व्यक्त किए। मंच संचालन महेश साहू द्वारा किया गया। रविप्रकाश चतुर्वेदी एवं भारती वर्मा द्वारा ऊर्जा संरक्षण कैसे विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, उस पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मासूम वर्मा, डॉ. नवीन सिंह राजपूत, मोनिका का भी विशेष योगदान रहा।


पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082


# रेलवे मजदूर कांग्रेस पर वोटर्स ने जताया भरोसा

- बिलासपुर जोन से मिले एकतरफा वोट, सदस्यों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

भारतीय रेलवे में हुए चुनाव में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस ने सफलता हासिल किया है। मतदान में समस्त रेल कर्मचारियों ने भाग लिया था। मतगणना 12 दिसंबर को किया जिसमें रेलवे मजदूर कांग्रेस ने 11092 वोट प्राप्त किए। बिलासपुर जोन के कुल 44611 मतदाता में से 39034 मतदाताओं ने मतदान किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस ने चुनाव जीतकर एक नया अध्याय लिखा है। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा डोंगरगढ़ के सचिव अनिल पोद्दार ने बताया कि मजदूर कांग्रेस के अलावा पांच रेल संगठनों ने भी चुनाव लड़ा जिसमें श्रमिक यूनियन, अखंड रेल कर्मचारी संघ, मजदूर संघ, रेल मजदूर संघ, स्वतंत्र रेल बहुजन कर्मचारी शामिल थे। चुनाव मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में लड़ा गया।

### घर-घर जाकर किया था चुनाव प्रचार

नागपुर मंडल में मंडल संयोजक इंदल दमाहे के नेतृत्व में लड़ा गया। सबसे अधिक वोट नागपुर मंडल से प्राप्त हुए। दीनगढ़ में चुनाव का नेतृत्व शाखा सचिव अनिल पोद्दार व डां मिल ने किया। उन्होंने रेल कर्मचारियों के घर घर जाकर 11 सालों में किए गए कार्य से अवगत कराया। चुनाव प्रचार में संदीप यादव, राजेंद्र, अरविंद सहारे, विजय यूके, छोटेलाल, हीरामन, सूर्य राव, नंदकुमार गजभिए, सरोज, वेदप्रकाश, आनंद, राजेश पांडे, जीके सिंह, रामबाबू, चंद्रशेखर, प्रकाश दुबे शामिल हुए।

# सुशासन ही आदर्श राज्य की पहचान

## सुशासन पर वाद-विवाद और स्लोगन स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष नम्रता परीक्षा थी। संगोष्ठी में वक्ता हुतेश्वरी साहू अतिथि व्याख्याता अवंतीबाई महाविद्यालय छुईखदान थी। संचालन अरूण साहू ने किया। श्रीमती साहू ने बताया कि महान दार्शनिक प्लेटो एवं कौटिल्य के विचारों को आधार के रूप में प्रस्तुत करके सुशासन की नींव को मजबूत बनाया जा सकता है।

प्लेटो ने न्याय प्रिय राज्य को आदर्श राज्य की संज्ञा दी वही कौटिल्य ने सुशासन को आदर्श राज्य की अनिवार्यता माना। उन्होंने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा के अभाव में सुशासन को साकार नहीं किया जा सकता। सुशासन विषय पर आयोजित विवाद एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद विवाद में प्रथम पूजा देवांगन, द्वितीय हेमप्रकाश, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुनीता तथा द्वितीय कविता रही। रासेयो प्रभारी बीआर चंद्रवंशी के नेतृत्व स्वयंसेवकों ने खूबाटोला में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं एवं गतिविधियों का प्रचार किया। इस दौरान प्रो मनोहर बोकड़े, डॉ हेमलता गायकवाड, रीना सलामे, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, प्रीति साहू, कविता यदु, गौतम राव, हेमंत कंवर, रूपेश बंसोड, बलराम साहू आदि उपस्थित थे।



### आयुष स्वास्थ्य मेला 19 को

**डोंगरगढ़।** होम्योपैथी औषधालय डोंगरगढ़ के तत्वावधान में 19 दिसंबर को करवारी में एक दिवसीय निःशुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक षिविर ग्राम पंचायत भवन के सामने होगा। शिविर में चिकित्सकों द्वारा वातरोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग आदि का निदान करते हुए औषधि वितरण किया जाएगा। शिविर में शुगर, बीपी, नेत्र एवं रक्त परीक्षण किया जाएगा।






# सिन्हा समाज के शिवशंकर जिला अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ एलबी नगर

छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज के जिला अध्यक्ष के चुनाव में शिवशंकर डड़सेना ने सीधे मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी हरप्रसाद सिन्हा को लगभग 1656 मतों से शिकस्त दी है। वहीं युवा मंच के चुनाव में लुकेश सिन्हा ने अपने प्रतिद्वंदी तोषण सिन्हा को लगभग 180 मतों से हराया।

छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज का चुनाव मुरमुंदा में संपन्न हुआ। चुनाव में जिला अध्यक्ष तथा युवा मंच के अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। मुख्य संगठन के महामंत्री, कोषाध्यक्ष, महिला मंच अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष तथा युवा मंच के महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे। अध्यक्ष पद हेतु हुए मतदान में कुल 3848 मतदाताओं मतदान किया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिवशंकर डड़सेना ने 2752 और हरप्रसाद सिन्हा को 1096 मत प्राप्त हुए। शिवशंकर सिन्हा ने 1656 मतों के अंतर से जीत दर्ज किया। इसी प्रकार युवा मंच अध्यक्ष पद के लिए लुकेश सिन्हा तथा तोषण सिन्हा आमने सामने थे। लुकेश सिन्हा को 479 तथा तोषण सिन्हा को 299 मत मिले।

लुकेश ने 180 मतों के अंतर से जीत हासिल किया। परिणाम की घोषणा जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर सिन्हा ने किया। इस मौके पर दीपक सिन्हा, भोजराम डड़सेना, प्रेमलाल, ठाकुरराम सिन्हा, देवजी सिन्हा, बालकृष्ण सिन्हा, डागेश्वर सिन्हा आदि की उपस्थिति में निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपकर शपथ दिलाया गया।




### कई निर्विरोध निर्वाचित

जानकारी के अनुसार जिला महामंत्री पद पर गंगाराम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, जिला महिला मंच अध्यक्ष निर्मला सिन्हा, जिला महामंत्री चंद्रा सिन्हा, कोषाध्यक्ष हंसाबाई सिन्हा, जिला युवा मंच महामंत्री पद पर हिमांशु सोनवानी तथा कोषाध्यक्ष पद पर टीकम सिन्हा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।






# मार्शल के खिलाड़ियों ने जीते 20 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



चतुर्थ राज्य स्तरीय सब जूनियर जूजित्सू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन बालोद में किया गया। स्पर्धा में वसुंधरा जूजित्सु एकेडमी डोंगरगढ़ के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, तीन रजत और 6 कांस्य पदक प्राप्त किए। 28 किलोग्राम से कम वजन समूह में आरवी रामटेके ने स्वर्ण पदक, फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक, 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में आहान रामटेके ने नेवाजा में स्वर्ण पदक, फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक, 36 किलो से कम वजन समूह में शौर्य प्रताप सिंह चौहान ने नेवाजा में स्वर्ण एवं फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक, सुयश साहू ने नेवाजा में कांस्य पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक, 52 किलो से कम में देवांश अग्रवाल ने नेवाजा में स्वर्ण, फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण, 14 वर्ष से कम बालिका 40 किलो से कम समूह में अनुष्का चंदेल ने नेवाजा में रजत, फाइटिंग सिस्टम में कांस्य, हेमाश्री जघेल ने नेवाजा में कांस्य एवं फाइटिंग सिस्टम में रजत, 57 किलो से कम में काव्या साहू ने नेवाजा में स्वर्ण, फाइटिंग सिस्टम में रजत, 14 वर्ष से कम बालक में 36 किलो से कम में विक्रम सिंह ने नेवाजा में स्वर्ण, फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण, 48 किलो से कम वजन समूह में श्रीकांत यादव ने नेवाजा में रजत, फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक प्राप्त किया। एकेडमी के प्रशिक्षक राणा अजय सिंह ने बताया कि फरवरी एवं मार्च में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए विशेष तैयारी की जा रही है ताकि खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा पदक प्राप्त कर सकें। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला संघ अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी, सचिव तरुण वरकड़े, कोषाध्यक्ष पूनम टेंभुरकर, बाबुराव जनबंधु, त्रिलोक जम्भुलकर, चंद्रहास साहू आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।




## खबर संक्षेप


### घासीदास जयंती आज

**सड़क अतरिया।** सतनामी समाज द्वारा कल बुधवार को गुरू घासीदास जयंती उल्लास से मनाया जाएगा। क्षेत्र के ग्राम भरदा, गभरा, बेलगांव, मानपुर नाका, खैरा नवापारा, चकनार सहित अन्य गांव में जैत खाम की पूजा अर्चना कर घासीदास के आदर्श एवं शिक्षा को याद कर नमन किया जाएगा। भव्य कार्यक्रम के साथ पाला चढ़ाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### सरकार का आभार किसानों को बधाई

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने किसानों को लंबित क्षतिपूर्ति राशि मिलने पर बधाई देते हुए साय सरकार का आभार जताया। ज्ञात हो कि बीते रबि सीजन में खराब मौसम के चलते चना, गेहूं की फसल बर्बाद हो गई थी। किसानों ने क्षतिपूर्ति की मांग किया था। विभाग के सर्वे के बाद क्षतिपूर्ति राशि जारी किया था। बहुत से किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि मिल गया था पर कुछ कारणवश सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा, गुमानपुर, खैरबना, घिरघोली सहित अन्य गांव के किसानों को क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिल पाई थी। सोमवार से किसानों के खाता में क्षतिपूर्ति राशि जमा किया जा रहा है। अगले एक दो दिनों में सभी पात्र किसानों के खाते में राशि जमा हो जाएगी।

### भूमिपूजन के बाद निर्माण शुरू



**सड़क अतरिया।** मंगलवार को ग्राम पंचायत ठाकुरटोला से ब्लाक मुख्यालय को जोड़ने वाले पुल का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल के बनने से ठाकुरटोला की तहसील मुख्यालय छुईखदान के बीच की दूरी कम हो जाएगी। ज्ञात हो कि पुल काफी जर्जर हो गया था, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। ग्रामीणों को लम्बी दूरी तय कर ब्लाक मुख्यालय जाना पड़ता था। गत दिनों पुल का भूमिपूजन ठाकुरटोला के राजा लाल रोहित सिंह पुलस्त्य, देवलाल सिंह पुलस्त्य, महंत राधा मोहन दास वैष्णव एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में किया गया था।

### शहीद ले. अरविन्द दीक्षित का शहादत दिवस 20 को

**राजनांदगांव।** शहीद ले. अरविंद शंकर दीक्षित का शहादत दिवस 20 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे कस्तूरबा महिला मंडल के हॉल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कान्यकुब्ज सभा एवं कैडेट क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते कान्यकुब्ज सभा के सचिव अजय शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रगान होगा। तत्पश्चात शहीद ले. अरविंद शंकर दीक्षित के तैलचित्र पर पुष्पचक्र अर्पित किया जाएगा। साथ ही रिजर्व पुलिस लाइन की सलामी गारद द्वारा सशस्त्र सलामी दी जाएगी।

खरीदी में अव्यवस्था के खिलाफ दिया धरना


# केन्द्र में अव्यवस्था के खिलाफ किसान कांग्रेस ने बोला हल्ला

## केन्द्रों में किसानों को संकट से पड़ रहा जूझना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेसियों ने धान खरीदी केन्द्र विचारपुर में धरना देकर भाजपा सरकार के खिलाफ हल्ला बोला।

प्रदर्शन की शुरूवात में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्री जंघेल ने कहा कि धान खरीदी में फैली अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। किसानों के भूमि के रकबा में कटौती, उठाव नहीं होने, बारदाना की कमी और टोकन की समस्या से किसान बेहाल है। टोकन निरस्त होने 15 दिन तक सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि धान के समर्थन मूल्य में 117 रूपये की वृद्धि हुई है सरकार न्याय करते हुए किसानों को 3217 की दर से भुगतान करना चाहिए। पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने कहा कि सरकार के पास विकास की कोई योजना नहीं है। सभी तरफ अत्याचार, अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। श्री जंघेल ने कहा कि दुकानों में खाद का पर्याप्त स्टाक है पर किसानों को मंहगे में मिल रही है। सोसायटी में किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। छुईखदान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने कहा कि सरकार किसानों के साथ न्याय करें अन्यथा किसानों ने जिसे लाया है, उसे बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं।



**धान का तौल बदला**

प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था का जायजा लिया। किसानों ने बताया कि बाकी दिन धान प्रति कट्टा 41 किलो 2 सौ ग्राम तौला जा रहा था पर आज 40 किलो 8 सौ ग्राम धान तौल रहे हैं। कांग्रेसियों ने मौके पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

**निर्माण में गड़बड़ी का आरोप**

कांग्रेसियों ने केन्द्र में मंडी बोर्ड द्वारा साढ़े तेरह लाख की लागत से बन रहे किसान कुटीर के निर्माण में गड़बड़ी का आरोप लगाया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि भवन बनने से पहले दरक रहा है। छत से मलबा गिरने से सरिया बाहर आ गए हैं। छत झुक गया है। प्रदर्शन में विनोद ताम्रकार, संतोष यदु, आत्माराम जंघेल, पुणेन्द्र साहू, मिथलेश साहू, केदार जंघेल, चोवाराम, राजेश, खोवाराम, हिरामन, मोहन भारती, विष्णुराम, हिंछाराम गुड्डी, लल्लु, गणेशराम, विजय जंघेल, कमल नारायण जंघेल, उमलाल जंघेल, बलराम, आत्माराम, पंचु, कलाराम, हिंसा राम, रमेश जंघेल, प्रताप जंघेल, फत्तुराम, किशन, रामु वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## अध्यक्ष का पेनल तैयार अब घोषणा का इंतजार

■ भाजपा मंडल अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

भाजपा के मंडल अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है बस अब नामों की विधिवत घोषणा होने का सभी को इंतजार है। वर्तमान मंडल अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए मंडल अध्यक्ष का चयन होन है जिसे लेकर बीते दिनों सभी मंडल में बैठक का आयोजन कर अध्यक्ष के लिए आवेदन लिए थे। अधिकांश मंडल में 4 से अधिक आवेदन आए थे।

उल्लेखनीय है कि जिला में नर्मदा को नया मंडल बनाने के साथ अब 8 मंडल हो गए है। दो मंडल को छोड़कर अन्य में मंडल अध्यक्ष बनने के लिए आवेदन लिए थे। गत 15 दिसंबर को मंडल अध्यक्षो की घोषणा होना था किन्तु अपरिहार्य कारण से घोषणा टल गई है। बताया जाता है कि साल्हेवारा मंडल में शत्रुहन साहू या संतोष नामदेव, नर्मदा मंडल में आनंद पटेल, प्रकाश जंघेल, गंडई मंडल में राकेश ठाकुर, रजेलाल पटेल, छुईखदान मंडल में ललित चोपड़ा, भावेश कोचर, खैरागढ़ मंडल में कृष्णा वर्मा, ठेलकाडीह मंडल में मंथीर साहू या अन्य में किसी एक को अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसी प्रकार पाड़ादाह मंडल में गोरेलाल वर्मा, सन्नी यदु, बाजार अतरिया मंडल में देव कुमार सेन ने डल अध्यक्ष के लिए आवेदन किया था। देव कुमार सेन को मंडल अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

### पार्षद ने बच्चों को कराया न्यौता भोज



**गंडई पंडरिया।** पार्षद दिलीप ओगरे ने नवीन मिडिल स्कुल गंडई में मंगलवार को न्यौता भोज का आयोजन किया। गुरु घासी दास जयंती के एक दिन पहले न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन कराया गया। पार्षद श्री ओगरे ने 256 बच्चों को भोजन कराया। इस मौके पर बच्चों को दाल, भात, सलाद, पापड़, हलवा और मटर पनीर परोसा गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, पार्षद नारायण चतुर्वेदी, दीपक भट्ट, अमित टंडन, विक्की टंडन, यावर खान, कौशल राजपूत, मांगीलाल यादव, सुनीता मरकाम, संतोष रजक, कमलेश नेताम, पुनेश्वर देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

## वर्तमान युग सूचना और प्रौद्योगिकी का है



**खैरागढ़।** शिक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सजगता से काम करने वाले जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने ब्लाक के विभिन्न गांवों के सरकारी स्कूलों में व्हाइट व ग्रीन बोर्ड और किताबों का सेट भेंट किया। गाड़ाघाट, प्रकाशपुर, टोलागांव, कांचरी, दपका हायर सेकेंडरी और मिडिल स्कूल में शिक्षकों और विद्यार्थियों के अध्ययन अध्यापन कार्य में सहूलियत को लेकर जिपं निधि से उक्त सामग्रियों को भेंट करते हुए कहा कि प्राणियों में मनुष्यों ने ही सभ्यता का सफर तय किया है जिसमें शिक्षा की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण रही है।

सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी के साथ तीव्रतम परिवर्तनीय युग में विद्यार्थियों को इंजीनियर की तरह आने वाले बीस सालों का आकलन करके अध्ययन करना चाहिए। सरकार को शिक्षा बजट को बढ़ाना चाहिए और शिक्षकों के सिर से गैर शिक्षकीय कामो के बोझ को कम करना चाहिए। इस दौरान गाड़ाघाट सरपंच रेखा जनक पाल, कांचरी सरपंच हेमकल्यानी तोड़े, कमलेश वर्मा,चंद्रकुमार, नीलेश यादव, राकेश तिवारी, घनश्याम साहू, राकेश बंजारे, डॉ भोला साहू, अनिल साहू, भुनेश्वर वर्मा सहित सबंधित विद्यालयों के प्राचार्य मधु नेताम, मानसमणि साहू, महेंद्र कुमार चौरे, उमेन्द्र पटेल, धर्मेंद्र साहू, ज्योति अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे जिन्होंने जिपं सभापति विप्लव साहू के शिक्षकीय कार्य में उपयोगी सामानों को भेंट करने पर आभार व्यक्त किया।

### साय सरकार के एक साल में कई उपलब्धि

**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व भेड़ीकला सरपंच कृष्णा साहू ने कहा कि साय सरकार ने एक साल में कई ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 1 वर्ष की प्रमुख उपलब्धियां सबके सामने है, जिसे हर नागरिक महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में भाजपा नीत छत्तीसगढ़ ने अपने पहले साल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की रिकॉर्ड खरीदी की जा रही है। 3716 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान किया गया। महतारी वंदन योजना में 70 लाख माताओं को 6530 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में 18 लाख गरीब परिवारों के लिए आवास निर्माण शुरू किया गया। 68 लाख परिवारों को 5 साल तक मुफ्त राशन प्रदान किया जा रहा है। लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन योजना में 5 वर्षों के एरियर्स का भुगतान किया गया।

## गोड़ समाज ने खोला अन्न बचत बैंक

■ गवरा कलश यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा



बोरतलाव में गोंडवाना गवरा कलश का आयोजन गोंडवाना गोंड समाज ने किया। सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाल कर गली भ्रमण किया गया। बरपारा में स्थापित महारानी दुर्गावती पेनठाना के पास कलश एकत्रित कर मदन उइके एवं महिला पुरूषों ने पेन गोगो किया। स्वागत के बाद नरोत्तम कुंजाम ने गोंडवाना गवरा कलश के महत्व पर प्रकाश डाला। चेमसिंह मरकाम ने बताया कि दादा मरकाम की एक मुट्ठी चावल योजना से अब लोगों को पैसा के लिए साहूकारों के पास नही जाना पड़ रहा है। संतराम छेदेया ने ईशर गौरा एवं सुवा गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर संतराम छेदैहा, आरके परते, संतोष मरकाम, मनोज नेताम, सरिता मंडावी, धर्मेश धुर्वे, मोतीलाल सेवता, बरमतबाई अरकरा, ओमकुमारी कुंजाम, महेन्द्र नेताम, रमेश मंडावी, देवकी मरकाम, जसवंत गावड़े, ओमप्रकाश मंडावी, दयाराम तारम, रोहित मंडावी, मनोहर पुसाम, रुदनलाल उइके, तिजऊ मंडावी, जसवंत गावड़े, प्रकाश मंडावी, मीना धुर्वे, दुलारा कोराम, रामकुंवर उईके, पूर्णिमा नेताम, मीना मंडावी, गोविंद मंडावी, शिवकुमार, संतोष, देवानंद, किशोर, जीवराखन, मौजूद थे। ग्राम में गोंड समाज ने गोंडवाना गवरा कलश अन्न बचत बैंक खोला।

## धान जाम से उपरवाह में खरीदी बंद, नाराजगी

**घुमका।** धान खरीदी केंद्र घुमका का सोमवार को खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी भरत उइके ने निरीक्षण किया। उन्होंने वजन में 500 ग्राम तक कमी पाया। उन्होंने मापदंड के अनुसार खरीदी नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कहा तौल में कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 700 ग्राम वजन वाले कट्टे में 40 किलो 700 ग्राम धान तौला जाना है।

जानकारी के अनुसार केंद्रीय सहकारी बैंक घुमका अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्रों में परिवहन के अभाव में क्षमता से अधिक धान जाम हो गया है। कृषक सेवा सहकारी समिति घुमका, पटेवा, ऊपरवाह, भैंसातरा, डुमरडीह, कौहाकुड़ा, बघेरा में अब तक 4 लाख 22 हजार 858 क्विंटल धान खरीदी लिया गया है किन्तु खरीदी के अनुपात में धान का उठाव नहीं हुआ है। अब तक 43 हजार 499 क्विंटल धान का मार्कफेड ने परिवहन किया है। अब इन खरीदी केंद्रों में धान रखने के लिए जगह नहीं है। सुपरवाइजर भारद्वाज ने बताया कि ऊपरवाह सेवा सहकारी समिति में जगह नहीं होने के कारण सोमवार से खरीदी बंद कर दिया गया है। धान का परिवहन होने के बाद ही खरीदी शुरू की जाएगी। अन्य सोसायटियों में धान खरीदी बंद हो सकती है। घुमका सोसायटी के प्राधिकारी अध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा ने कहा नियम को फॉलो नहीं किया जा सकता किंतु खरीदी पूरे वजन के साथ की जाएगी।

## छिपा में महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

ग्राम पंचायत छिपा में हमर बेटी, हमर मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को प्रथम पुत्री की प्राप्ति पर पंचायत की ओर से एक हजार रूपए एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे ने बताया कि उन्होंने सरपंच बनने के पहले महिलाओं से वादा किया था कि प्रथम पुत्री होने पर वह सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में 33 परिवार का प्रथम पुत्री होने पर सम्मान किया गया। श्री लिल्हारे नें बताया कि उनका लक्ष्य बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का है। वह इस दिशा में लगातार काम कर रहे है। कार्यक्रम में मितानिन, पशु सखी, कृषि सखी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य पुष्पा गौकरण वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, मनोज सिन्हा, आरपीएफ इंस्पेक्टर तरुणा साहू, एनेश्वर वर्मा आदि उपस्थित थे।




**नए कार्यों का लोकार्पण**

ग्राम पंचायत छिपा में 23 लाख के कार्यों का लोकार्पण किया गया। पटेल पारा में 7 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। सरपंच श्री लिल्हारे ने बताया कि छिपा एवं डोड़की के लिए निःशुल्क गाडी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि डिलवरी के लिए अस्पताल जाने तक गाडी की व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को परेशानी होती थी। सरपंच बनने के बाद स्वयं के खर्चे से गाड़ी की व्यवस्था कर महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाने का जिम्मा लिया है।

### गुरु घासीदास जयंती पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** शहर सतनामी समाज सेवा समिति गुरूघासीदास चौक नंदई मार्ग राजनांदगांव से सत्यमूर्ति परम पूज्य संत शिरोमणी सद्गुरू बाबा गुरूघासीदास की 268वीं जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। चार दिवसीय सतनाम महोत्सव के तहत 16 दिसंबर को स्कूली छात्र-छात्राओं का सामान्य ज्ञान, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता, 17 को मिनीमाता कल्याणी महिला मंडल द्वारा महिलाओं का विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जयंती महोत्सव के अवसर पर कल 18 दिसंबर को सुबह 9 बजे से भजन-कीर्तन व पंथी प्रदर्शन का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे से गुरू घासीदास धर्मशाला सतनाम धाम प्रांगण से सात श्वेत ध्वजाधारियों की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा, सतनाम रथ, झांकी एवं पंथी दल के साथ निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर सतनाम धाम पहुंचेगी। संध्या 6 बजे पंथी नृत्य, अतिथि स्वागत, समाज में विशेष सहयोग देने वाले युवा एवं बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। रात्रि 9 बजे से रंग-तरंग कार्यक्रम का मंचन होगा। वहीं अगले दिन 19 दिसंबर को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेम के बंधना संचालिका निकिता टंडन का आयोजन रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र राय ने सतनामी समाज के लोगों को उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी सचिव मनीष भारती ने दी।

कांग्रेस नेताओं के ध्यानाकर्षण बाद जागा नगर पालिका प्रशासन

# जागा प्रशासन, मुक्तिधाम में हुई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दो दिन पहले कांग्रेस नेताओं के मुक्तिधाम में अव्यवस्था और गंदगी को लेकर नपा अधिकारियों के ध्यानाकर्षण बाद नपा के सफाई अमले ने मुक्तिधाम में जमकर पसीना बहाया जिसके चलते अब मुक्तिधाम साफ सुथरा दिखने लगा है।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं ने वार्ड वासियों की लगातार शिकायत के मद्देनजर शहर के वीआईपी वार्ड राजफेमली के लालपुर स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण किया और वहाँ यत्र तत्र फैले कचरे, कंटीली झाड़ियों सहित प्रतीक्षालय की खसताहालत को देखते हुए मौके पर नपा स्वच्छता निरीक्षक टोडर सिंह को बुलाकर हकीकत से रूबरू कराया। विधायक प्रतिनिधि देवांगन ने जमकर फटकार लगाते हुए जल्द साफ सफाई करने का निर्देश दिया जिसके बाद प्रभारी सीएमओ कमल नारायण जंघेल ने स्वयं मुक्तिधाम पहुंचकर मौका निरीक्षण किया और तत्काल सफाई व्यवस्था के लिए मजदूरों सहित सफाई अमले को काम में लगाया मुक्तिधाम की बदहाल स्थिति को देखते हुए समय समय पर अमले को सफाई करने ताकीद किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने दुबारा मुक्तिधाम पहुंचकर मौके पर जारी सफाई काम का निरीक्षण किया।



**जिला व नपा प्रशासन का जताया आभार**

विधायक प्रतिनिधि श्री देवांगन ने कहा मुक्तिधाम में लंबे समय से सफाई नही होने के कारण स्थिति खराब हो गई थी। शिकायत बाद नपा प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों को मौके पर भेजा। जेसीबी की मदद से कटीले झाड़ियों को हटाया गया है। मुक्तिधाम में सफाई को लेकर नपा की तत्परता पर उन्होंने जिला व नपा प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि समय समय पर नपा अमले को यहाँ उपस्थित होकर सफाई करानी चाहिए ताकि अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे लोगों को समस्या का सामना ना करना पड़े। इस दौरान नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, रविंद्र सिंह गहरवार, भरत चंद्राकर, पूरन सारथी, महेश यादव, सूर्यकांत यादव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# जरहामहका स्कूल में पढ़ने वाले नौनिहालों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मध्यान्ह भोजन योजना में सामुदायिक पहल सुनिश्चित करने प्रदेश शासन की पहल का व्यापक असर दिख रहा है। अब लोग अपने बच्चों का या अपना जन्मदिन या अन्य कोई भी उल्लास का कार्यक्रम हो, शाला में पढ़ने वाले नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण पोषक भोजन उपलब्ध कराकर मना रहे हैं।

इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला जरहामहका विकासखंड छुरिया की शिक्षिका चमेली देवांगन ने अपने जन्मदिन पर शाला में अध्यनरत बच्चों को न्योता भोज कराया गया। शाला के प्रधान पाठक दिनेश कुमार गजेंद्र व शिक्षिका सरिता कोटरे ने साथ भोजन किया। इस अवसर पर एलआईसी के पूनाराम सिंह, शा.पूर्व मा. शाला पुरामटोला के राममनोहर देवांगन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के तुलाराम सिरमौर उपस्थित हुए। श्रीमती देवांगन ने मध्यान्ह भोजन योजना में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने शासन की अभिनव पहल न्योता भोजन का स्वागत किया और बच्चों को मन लगाकर खूब पढ़ने, नियमित शाला आने, माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन करने की सीख दी।



### 21 को किसान सम्मेलन, 23 को महतारी वंदन व शिविर का आयोजन

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारी को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी शासन की महती योजना है। सभी नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों में जाकर मानिटरिंग करें। राईस मिलर्स की हड़ताल समाप्त होने के बाद धान के उठाव में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। वहीं भारत सरकार द्वारा 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।

उन्होंने कहा कि जनसामान्य को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय, ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर लगाया जाएगा। शिक्षा स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित सभी विभाग अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित विभागीय योजनाओं से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करेंगे तथा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए सभी आपसी सहभागिता एवं समन्वय के कार्य करेंगे। 21 दिसंबर को किसान सम्मेलन, 23 को महतारी वंदन एवं नगर पालिक निगम का शिविर आयोजित होगा।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन करते जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का आयोजन भी करना है। उन्होंने बताया कि गर्मी में धान की फसल किसान अब कम लगा रहे हैं। उन्होंने पशु आश्रय स्थल के संबंध में जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

#### मिशन मोड में करे कार्य

उन्होंने कहा कि इन शिविरों में ड्राइविंग लाईसेंस, आधार कार्ड सहित अन्य योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने पीजीएन जनशिकायत, पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायतों के निराकरण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के संबंध में सभी विभाग नियमित तौर पर प्रतिवेदन भेजे। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री, अवैध खनिज उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अपराधियों को जिला बदर करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे पौधरोपण एवं जल संरक्षण के कार्यों को लगातार जारी रखें। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं से गरीब एवं जरूरतमंदों को लाभान्वित करने उनका चिन्हांकन करने की आवश्यकता है।

# ब्लॉक, स्वस्थ पंचायत समन्वयकों व हेल्प डेस्क फैसिलिटरों ने शुरू की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अक्टूबर माह से बकाया भुगतान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में सिविलियन सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया को-आर्डिनेटर और हेल्प डेस्क फैसिलिटरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत कर दी है।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची नीलिमा सिन्हा ने कहा कि हम सभी 20-22 वर्षों से कार्यरत हैं और अब तक मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हुई है। वहीं अक्टूबर से भुगतान भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि उनका एनजीओ से एनएचएम में सिविलियन का सरकार ने आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि वे किसी भी एनजीओ के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। उनका सिविलियन एनएचएम में किया जाए। वहीं क्षतिपूर्ति राशि की जगह वेतन दिया जाए। जिले में ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया को-आर्डिनेटर और हेल्प डेस्क फैसिलिटरों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन करने की मांग की है।

#### नहीं सुनी गई मांगे

अपनी इन मांगों को लेकर स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया को-आर्डिनेटर और हेल्प डेस्क फैसिलिटरों ने बीते 13 तारीख से 16 तारीख तक काम बंद कलम बंद हड़ताल किया हुआ था, लेकिन इस बीच भी उनकी इन मांगों को लेकर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते अब उन्होंने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत कर दी है। वहीं जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन का आयोजन भी किया जाएगा।

#### एनजीओ में मानसिक परेशानी

ब्लॉक समन्वयकों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि एसएचआरसी एनजीओ कर्मचारियों द्वारा किए गए मानसिक एवं आर्थिक शोषण से स्रोत होकर शासन से हमारे 20 वर्षों के अनुभव के आधार पर एनएचएम में संविलियन किए जाने की मांग की गई है, किन्तु शासन द्वारा हमारी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया जा रहा है।

## शोभायात्रा...



राजनांदगांव। बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह के पूर्व संध्या पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय महिला शतरंज प्रतियोगिता आज से

**राजनांदगांव**। स्मार्ट गर्ल्स ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता कल 18 से 22 दिसंबर तक राजनांदगांव में खेली जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3.30 बजे अग्रसेन भवन में इसका उद्घाटन करेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के राश्ट्रीय उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि किरण अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं विक्रम अवार्डी, सुनिल अग्रवाल उद्योगपति व समाजसेवी, मनोज बैद अध्यक्ष सकल जैन श्री संघ, विनोद लोहिया, विनोद राठी महासचिव छत्तीसगढ प्रदेश शतरंज संघ), संतोष अग्रवाल निवृत्तमान अध्यक्ष अग्रवाल सभा राजनांदगांव होंगे।

उक्त जानकारी देते अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल एवं राजनांदगांव जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित भंसाली ने बताया कि ऑल इंडिया चेस फेडरेशन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग शासन के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित किए जाने का अवसर मिला है। अग्रवाल सभा एवं जिला शतरंज संघ द्वारा संयुक्त रूप से इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता नौ राउंड में पांच दिनों तक खेली जाएगी। सभी मैच अग्रसेन भवन में खेले जाएंगे। जिसमें कुल 11 राज्यों के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है।

प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्वीस लीग पद्धति से खेली जाएगी। जिसका फायदा यह होता है कि खिलाड़ियों को अधिक मैच खेलने का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंक वाली एक दर्जन से अधिक महिला खिलाड़ी भी शामिल हो रही है। प्रतियोगिता में खेलने वाली प्रतिभागियों को रैंक में बढोत्तरी करने का फायदा मिलेगा। जिससे अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने उनके अवसर बढ़ जाएंगे।

# बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**राजनांदगांव**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पार्रीखुर्द संकुल भर्रेगांव के बच्चों ने पालकों, शिक्षकों तथा शाला स्टाफ के साथ शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत 8 दिसंबर को राजिम में कुलेश्वर महादेव मंदिर व राजीव लोचन मंदिर में स्थापित भगवान की प्रतिमा का दर्शन लाभ लिया। बच्चों ने धर्म के साथ -साथ मंदिर से जुड़े इतिहास को बारीकी से समझा। उसके बाद भ्रमण का अगला पड़ाव चम्पारण रहा, जहां बच्चे महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली की भव्यता को देखकर रोमांचित हो उठे। भ्रमण का अगला पड़ाव चंदखुरी, रायपुर का कौशिल्या माता का मंदिर रहा, जहां की प्राकृतिक सुंदरता से बच्चों का मन आनंदित हो गया। भ्रमण में शाला के शिक्षक स्टाफ प्रधानपाठक शिव कुमार सेवता, शिक्षिका विभा सिंहमारे, पुष्पलता देवांगन समेत भूपेश साहू व अन्य लोग शामिल थे।

# सरपंच ने की मुक्तिधाम के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भटगुना के सरपंच ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर गांव के ही दो व्यक्तियों द्वारा नवनिर्मित मुक्तिधाम के सामने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करते हुए मार्ग अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की है और अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।



#### आवागमन का मार्ग हो रहा अवरुद्ध

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत भटगुना के सरपंच चेतनदास साहू ने बताया कि शासन-प्रशासन से कई बार आवेदन कर गांव में मुक्तिधाम का निर्माण करवाया गया है। इस नवनिर्मित मुक्तिधाम के सामने आवागमन की शासकीय भूमि है। जिसमें गांव के ही दो व्यक्तियों द्वारा रास्ते पर पत्थर, लकड़ी, पैरा रखकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण किए जाने की नियत से इन व्यक्तियों ने मार्ग पर सामग्री रखी है। जिसकी वजह से आवागमन का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। उन्होंने इस मामले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

#### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

मुक्तिधाम के सामने अतिक्रमण करने वाले गांव के ही भारत राम और आनंदराम साहू के खिलाफ नामजद शिकायत की गई है। जिसमें कहा गया है कि नवनिर्मित मुक्तिधाम में आने-जाने के लिए छोड़े गए रिक्त भूमि पर अतिक्रमण किए जाने हेतु खूंटे गाड़कर बेजा कब्जा कर लिए हैं, जिसे तत्काल हटाया जाए। ग्रामीणों के साथ पहुंचे सरपंच ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए पंचायत के माध्यम से नोटिस देकर भी संबंधित व्यक्तियों से कहा गया था, लेकिन उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया है। इस मामले की शिकायत पटवारी, एसडीएम और थाना में भी की गई है, पर कोई कार्रवाई नहीं होने की वजह से इस मामले में अब कलेक्टर को शिकायत की गई है।

# सरपंच संघ सोमनी थाना पहुंचकर सौंपा पत्र, उचित कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनपद पंचायत राजनांदगांव के सरपंच संघ द्वारा आज सोमनी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को पत्र सौंपते उचित कार्रवाई की मांग की। सरपंच संघ ने बताया कि कल्याणी कंपनी के अजीत सिंह द्वारा सरपंच संघ को अभद्र टिप्पणी के खिलाफ कार्रवाई हेतु पत्र सौंपा गया है।

राजनांदगांव ब्लॉक के सरपंच पदाधिकारी ग्राम कोपेडीह, अंजोरा, जोरातरई, मगरलोटा, मुढ़ीपार, बैगाटोला क्षेत्र में स्थापित हो रहे संयंत्र में कुछ विषयों को लेकर सरपंच संघ के पदाधिकारी गए थे। जिसमें बातचीत के दौरान कल्याणी कंपनी के (जीएम) अजीत सिंह द्वारा पूरे छग सरपंच संघ सरपंचों द्वारा पैसा लेकर एनओसी देकर बाद में मुकर जाते हैं। जिससे हमारे सभी छत्तीसगढ़ के सरपंच संघ ऐसे होते हैं, इस प्रकार झूठा आरोप लगाया गया है। हम सभी सरपंचों का मान-सम्मान ठेस पहुंचा है, अगर उपरोक्त व्यक्ति द्वारा लिखित एवं मौखिक क्षमा नहीं मांगा जाता तो सरपंच संघ द्वारा उनके खिलाफ उचित कार्रवाई किया जाएगा। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। पत्र सौंपने के दौरान सरपंच संघ के पदाधिकारी योगेश्वर निर्मलकर, वीणा यमुना साहू, कनक दुबे, शैलेष साहू, राजू चंद्रकांत साहू, मुनिया सुभाष द्विवेदी, सुमन साहू, सरपंचगण, पंचगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पृष्ठ 11 का शेष

#### पुत्र की मौत के...

अज्ञात कारणों से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया एवं शव को पीएम के लिए चिकित्सालय भिजवाया। बताया गया कि अमित कुमार पेशे से शिक्षक थे।

# सुशासन पर संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव**। शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो इकाई के तत्वावधान में 14 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में सुशासन विषय पर संगोष्ठी, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि सुशासन का तात्पर्य अच्छी शासन व्यवस्था से है। सुशासन का अर्थ न्याय पर आधारित शासन, सुशासन का आशय है। किसी सामाजिक, राजनीतिक या प्रशासनिक इकाई को इस प्रकार चलाना कि वह सकारात्मक परिणाम दे। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कह कि भारतरत्न अटल बिहारी बाजपयी के जन्म जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मानया जाता है, इनका सुशासन की स्थापना में अमूल्य योगदान है।

मुख्य अतिथि केके द्विवेदी ने कहा कि सुशासन सत्ता के दुरूपयोग, घोटाले, भ्रष्टाचार व सार्वजनिक धन को हड़पने के आए दिन उदाहरणों को रोकने के निदान है। सुशासन का उद्देश्य लोगों का कल्याण करना है। मुख्य रूप से जनता का सर्वांगीण विकास करना, इससे



संविधान को संजोया जा सकता है। हिन्दी विभाग गुणवंता खरे ने कहा कि अच्छी शासन व्यवस्था से जनता को बुनियादी सुविधा मिले, भयमुक्त माहौल से मुक्ति मिले।

जनजागरूकता के लिए सुशासन विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम सुमन सलामे, द्वितीय संकेत साहू, तृतीय लक्ष्यधर्मी साहू रहे। जनजागरूकता के लिए मिथलेश साहू के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा, शौचालय, जल, उज्जवला योजना, सौर ऊर्जा, महतारी वंदन योजना आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव**। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 18 दिसम्बर को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 18 दिसम्बर 2024 को दोपहर 12 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे।



विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे से दोपहर 2.45 बजे तक राजनांदगांव शहर के पेण्ड्री में गुरूघासी दास जयंती सतनाम भवन का लोकार्पण कार्यक्रम एवं शाम 4.15 बजे शाम 4.30 बजे राजनांदगांव शहर के नंदई चौक में गुरूघासी दास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम 4.40 बजे से शाम 5.10 बजे तक राजनांदगांव शहर के अग्रसेन भवन में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.20 बजे स्पीकर हाऊस पहुंचेंगे तथा समय आरक्षित रहेगा। वे शाम 6 बजे स्पीकर हाऊस से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# ग्रीन-11 ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

- शशांक रहे मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कमला कॉलेज मैदान में रविवार को गुड मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा एक दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। सभी मैच शानदार रहे। फायनल मुकाबला ग्रीन-11 और म्युनिसिपल-11 के मध्य खेला गया।

रोमांचक मैच में ग्रीन-11 ने म्युनिसिपल-11 को पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच ग्रीन-11 के शशांक सोनी रहे। उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट का भी पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल मौजूद रहे। उन्होंने विजेता, उपविजेता, मैन ऑफ द सीरिज और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वितरण किया। विजेता टीम को 5001 और उपविजेता को 3001 रुपए की पुरस्कार राशि और ट्रॉफी दी गई।

फायनल मैच में ग्रीन-11 ने 103 रन का लक्ष्य म्युनिसिपल-11 को दिया। मैच में शशांक ने अच्छी बैटिंग की। वहीं दूसरी ओर से शीतल ने शानदार बल्लेबाजी की, लेकिन म्युनिसिपल-11 की टीम लक्ष्य पा नहीं पाई और अंत में ग्रीन-11 ने खिताब पर कब्जा कर लिया। इस टूर्नामेंट में ब्रदर 11, गुड मॉर्निंग ए और बी, टैक्स बार, जैन 11, मॉर्निंग बी 11 की टीमों ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। सभी मैच रोमांचकारी रहे। चौके और छक्के से दिनभर मैच का आनंद दर्शकों द्वारा लिया गया। इस अवसर पर केएस ठाकुर और विकास साहू ने कामेंट्री से समा बांधे रखा।

#### आगे भी ऐसे आयोजन जारी रखें - अग्रवाल

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आयोजन समिति को स्पर्धा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखना चाहिए। खेल मैदानों को ऐसे आयोजनों से संजीवनी मिलती है। खिलाड़ियों को उन्होंने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में पूरा टूर्नामेंट संपन्न कराना बड़े गर्व की बात है। सफल आयोजन के बाद कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## प्रकाश वैद्य का निधन



**राजनांदगांव**। स्थानीय शांतिनगर निवासी प्रकाश वैद्य उम्र लगभग 65 वर्ष का आज मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती जनाबाई वैद्य, पुत्र शैलेन्द्र तथा जितेन्द्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। स्व. प्रकाश वैद्य का अंतिम संस्कार कल बुधवार 18 दिसंबर को प्रातः 11 बजे गठुला स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।




# प्रदेश सरकार के एक वर्ष को कांग्रेस ने बताया असफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से सरकार के इस कार्यकाल को असफल बताया गया।

राजनांदगांव प्रेस क्लब में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रेस कान्फ्रेंस करते प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार कार्यकाल का जश्न मना रही है, लेकिन प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप है। चोरी, डकैती, लूट, चाकूबाजी, नशाखोरी और बलात्कार जैसे आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों में प्रदेश की सरकार असफल साबित हुई है।




#### कानून व्यवस्था पर घेरा

अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में कांग्रेस ने बलौदाबाजार मामले को लेकर भी प्रदेश सरकार को घेरा। वहीं मोबलिंचिंग में हत्या, पुलिस अभिरक्षा में मौत सहित अन्य मामलों को लेकर भी कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए गए। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री थानेश्वर पाटिला, शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदम कोठारी सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

#### झूठे वादे का लगाया आरोप

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस द्वारा कहा गया कि प्रदेश में भयमुक्त वातावरण देने विष्णुदेव साय सरकार नाकाम रही है। मोदी की गारंटी फेल हुई है। अनियमित कर्मचारियों को सौ दिन में नियमित करने का वादा भी झूठा साबित हुआ है। संविदा कर्मचारी नौकरी से निकले जा रहे हैं। एक लाख पदों पर नियमित सरकारी भर्ती का वादा भी जुमला निकला।

#### भर्ती प्रक्रिया पर सवाल

कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते कहा कि भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता का सरकार ने वादा किया था, जो झूठा निकला। इंस्पेक्टर भर्ती में बिना अंकसूची जारी किए भर्ती सूची जारी कर दी गई। पीएससी परीक्षा में इंटरव्यू में दिए गए अंकों को लेकर भी सवाल उठाए। वहीं किसानों के साथ भी वादा खिलाफी की गई है। टोकन बारदाना और तौलाई में गड़बड़ी की जा रही है।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024



# खरमास प्रारंभ..महीनेभर नहीं सजेंगे मंडप, मकर संक्रांति से फिर गूंजेगी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कहते हैं जब राजा की ग्रह दशा बदलती है तो इसका प्रभाव लोगों के जीवन और परंपराओं के निर्वहन पर भी पड़ता है। बस ऐसा ही कुछ 15 दिसंबर की रात 10 बजकर 12 मिनट से प्रभावी हो गया है। दरअसल रविवार की रात से गुरू ग्रह व धनु राशि में ग्रहों के राजा सूर्य का प्रवेश कर गया है। इस स्थिति में सूर्य 14 जनवरी यानी मकर संक्राति तक रहेंगे। जिसके चलते शादियों में ब्रेक लग गया है। महीनेभर का खरमास होने से शुभ विवाह के लिए 16 जनवरी से ही शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके साथ ही लग्न मंडप सजेंगे और एक बार फिर शहनाई की गूंज सुनाई देगी।

सनातन धर्म से जुड़े लोग हर काम शुभ मुहूर्त में करना चाहते हैं। कहते हैं कि शुभ मुहूर्त में होने वाले कार्यों के सफल होने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसा ही एक मांगलिक कार्य है शादी। इसमें तिथि तय करने से पहले ही शुभ मुहूर्त देखा जाता है। अगर शुभ मुहूर्त नहीं मिलता है तो वर-वधु पक्ष के लोग शादी की तारीख को ही आगे बढ़ा देते हैं। पंडितों की माने तो शनिवार यानी 14 दिसंबर को शुभ विवाह के लिए साल 2024 का अंतिम मुहूर्त है।

इसके बाद 15 दिसंबर से खरमास शुरू होने से लोगों को 30 दिन मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त नहीं मिलेंगे। इसके बाद 15 जनवरी तक शुभ मुहूर्त नहीं है। कुल मिलाकर 30 दिनों के बाद नए साल में ही अब लग्न वेदी सजाई जाएगी। हालांकि इस बीच कुछ समाज में शादियां देखने को जरुर मिलेगी।

## तीन महीने बाद की अभी से भवन बुकिंग शुरू, कैटरिंग-बैंड बाजा के भी आर्डर

### जनवरी-फरवरी में 14 मुहूर्त

महाराज ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार जनवरी में विवाह के लिए 16, 17, 21, 22 और 23 तारीख को अच्छा मुहूर्त मिल रहा है। इसके बाद फरवरी में 3, 4, 6, 7, 13, 18, 20, 21 और 25 तारीख को लग्न वेदी के लिए उत्तम मुहूर्त मिलेंगे। इन मुहूर्तों में सबसे ज्यादा शादियां होने वाली है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस समय ठंड और गर्मी के मध्य का खुशनुमा मौसम होता है। आने वाले मेहमानों के लिए भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। लगातार मुहूर्त का क्रम तेज होने से नए साल के पहले महीने से ही बाजार में भी रौनक बढ़ने के आसार हैं।



### 14 मार्च से फिर लगेगा विराम

मार्च महीने में 3, 5, 6 और 12 मार्च की तिथि शादी के लिए शुभ मानी गई है। इसके बाद 14 मार्च से 14 अप्रैल के बीच एक बार फिर वैवाहिक आयोजनों पर विराम लगेगा। 6 मार्च से होलाष्टक भी प्रभावी होगा। वहीं अप्रैल में 8 शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इनमें आपके पास ज्यादा विकल्प रहेंगे। इस महीने में 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29 और 30 को मैरिज प्लान किया जा सकता है। इसके बाद मई में 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27 व 28 को शादी के लिए शुभ तिथि मिलेगी।

---

## आरक्षण के चलते पहले ही दौड़ से बाहर हो जाएंगे 34 वार्ड के दावेदार

# महिलाओं के कोटे में आएंगे 18 वार्ड, एससी-एसटी 9, सर्वाधिक 17 होंगे ओबीसी आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अगली शहर सरकार चुनने को लेकर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के बाद अब आरक्षण की प्रक्रिया की बारी आ गई है। आगामी 19 दिसंबर को नगर निगम के 51 वार्डों का आरक्षण किया जाएगा। इस बार शहर के 51 में से 18 वार्ड महिलाओं के खाते में चले जाएंगे। जबकि 6 एससी एवं तीन वार्ड में एसटी कोटा का प्रत्याशी ही मैदान में उतर सकेगा। ओबीसी वर्ग के लिए 17 वार्ड आरक्षित किए जाएंगे। ऐसे में करीबन 34 वार्ड में आरक्षण के साथ ही उन वार्डों में चुनाव की तैयारी कर रहे दावेदारों को झटका लगने वाला है। इनमें कई वरिष्ठ नेताओं के वार्डों पर भी असर पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार जिले में 19 दिसंबर को सभी चार निकाय के वार्डों का आरक्षण किया जाना है। इसी दिन यह साफ हो जाएगा कि कौन से वार्ड में किस वर्ग का प्रत्याशी मैदान में उतर सकेगा। राजनीतिक दलों के साथ ही इन वार्डों में चुनाव की तैयारी कर रहे नेताओं की भी नजरें आरक्षण पर टिकी हुई है। वहीं महापौर एवं नपा अध्यक्ष, नपं अध्यक्षों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया राजधानी रायपुर में पूरी की जाएगी।




### महापौर आरक्षण पर भी निगाहें

वार्डों के आरक्षण के अलावा शहर की नजरें महापौर पद को लेकर होने वाले आरक्षण पर भी टिकी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रबल संभावना है कि इस बार मेयर का पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हो सकता है। ऐसे में इसको ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों की संभावित सूची भी दोनों दलों में तैयार कर ली गई है। इसमें नए चेहरे भी शामिल हैं।

### यह वार्ड जाएंगे एसटी-एससी कोटे में

जिन वार्डों में एससी व एसटी की मतदाता संख्या अधिक होती है, उन्हें ही इस वर्ग के लिए आरक्षित किया जाता है। ऐसे में शहर का वार्ड क्रमांक 2, 18, 20, 21, 39 या 44 में से किसी तीन वार्ड को एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किया जा सकता है। वहीं एससी वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 7, 8, 11, 12, 20, 36, 40 या 43 में से किसी छह वार्ड को आरक्षित किया जा सकता है। ज्ञात हो कि एसटी के तीन में से एक व एससी के लिए आरक्षित होने वाले छह में से दो वार्ड महिलाओं के खाते में जाएंगे।

### आधे से अधिक प्रत्याशी बदलेंगे

दोनों राजनीतिक दलों ने निकाय चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा एवं कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार भी बड़ी संख्या में नए प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। बताया गया कि मौजूदा पार्षदों में से भाजपा जहां 70 फीसदी से अधिक नए चेहरों को मौका देगी। वहीं कांग्रेस भी 60 फीसदी से अधिक प्रत्याशियों को बदलने के लिए बेहतर चेहरे खोज रही है।

### ओबीसी वर्ग को मिलेगा मौका

सूत्रों की माने तो नए आरक्षण के अनुसार शहर में इस बार 51 में से लगभग 17 वार्ड ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इनमें एससी व एसटी के लिए आरक्षित होने के बाद शेष वार्डों में से 17 का चयन किया जाएगा। संभावना अनुसार कई बड़े नेताओं के वार्ड इस बार ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हो सकते हैं। ज्ञात हो कि 17 ओबीसी में से छह वार्ड ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित होंगे।

---

## पुत्र की मौत के सदमे में बुजुर्ग पिता का भी निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गांधी चौक के पास एक युवक की मौत होने का सदमा बुजुर्ग पिता सहन नहीं कर पाया और सदमे में उनका भी निधन हो गया। पिता एवं पुत्र का अंतिम यात्रा एक साथ निकाली गई। इस घटनाक्रम से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के गांधी चौक के पास निवासी अमित कुमार हरिहारनों उम्र लगभग 41 वर्ष ने मंगलवार की सुबह अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया एवं शव को पीएम के लिए चिकित्सालय भिजवाया। बताया गया कि अमित कुमार पेशे से शिक्षक थे। बताया गया कि अमित कुमार की मृत्यु होने से उनके बुजुर्ग पिता विजय हरिहारनों उम्र लगभग 72 वर्ष सदमे में आ गए और कुछ देर बाद उनका निधन हो गया। बताया गया कि वे रिटायर्ड बीएसपी कर्मी थे।



---

### शासन से मानदेय निर्धारण करने किया आग्रह

## समूह गठन करवाने वाली महिलाओं को नहीं मिल रहा काम, लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिलाओं को बचत योजनाओं से जोड़कर महिला समूहों का गठन करवाने वाली महिलाओं को बीते कुछ वर्षों से कार्य नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते उनको मानदेय भी नहीं मिल रहा है। इन महिलाओं ने आज कलेक्टर को ज्ञापन देकर मानदेय निर्धारित करने का आग्रह किया है। वहीं विगत 5 वर्षों से पारिश्रमिक भुगतान नहीं होने को लेकर भी मांग की है।

जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र से लगभग 20 की संख्या में सीआरपी यानि सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति के रूप में कार्य कर रही महिलाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर बीते लगभग 5 वर्षों से उन्हें कार्य नहीं दिए जाने और किए गए कार्य का पारिश्रमिक भुगतान हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्ट कार्यालय पहुंची महिलाओं ने मांग की है कि उनका मानदेय निर्धारित किया जाए और एनओएलएम योजना अंतर्गत सभी सीआरपी को पारिश्रमिक भुगतान करवाया जाए।



### वर्ष 2019 से नहीं मिल रहा काम

सीआरपी सविता साहू और हेमा सेंगर ने कहा कि वर्ष 2013-14 में उन्हें महिला समूह के गठन और महिलाओं को बचत के संबंध में जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके माध्यम से उन्होंने महिलाओं को बचत की योजनाओं से जोड़ा और महिला समूह का गठन कराया। इसके लिए उन्हें 400 रुपए महिला समूह गठन के लिए और 40 रुपए फॉर्म भरने हेतु पारिश्रमिक दिया जाता था, लेकिन वर्ष 2019 से उन्हें कोई कार्य नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते उन्हें पारिश्रमिक भुगतान भी नहीं हो रहा है।

---

## गुम नाबालिग रीवा में मिली

**राजनांदगांव।** नाबालिग बालिका के गुम हो जाने की सूचना पर पुलिस ने पतासाजी कर आपरेशन मुस्कान के तहत 48 घंटे में मप्र के रीवा से सकुशल बरामद किया है। गैंदाटोला के अपराध धारा-137(2) बीएनएस के अपहृता जो बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसकी कायमी 13 दिसंबर से लगातार पता तलाश करते अपहृता को 15 दिसंबर को आरोपी शैलेंद्र चौधरी 20 वर्ष निवासी नगरिया मोहल्ला रीवा जिला रीवा (मप्र) से बरामद किया गया है। अपहृता के कथन अनुसार अभियुक्त को ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। अपहृता के मिलने पर अपहृता के परिजनो द्वारा खुशी जाहिर करते राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।


## हरित कुंभ के लिए एक थाली और एक थैला संग्रहण में महिलाओं का उत्साह

**राजनांदगांव।** आगामी 13 जनवरी से प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले को हरित कुंभ बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में एक थाली और एक थैला अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हो गई है और उत्साह के साथ थाली और थैला एकत्रित कर रही है।महाकुंभ के दौरान डिस्पोजल, प्लास्टिक के कचरे को कुंभ से मुक्त करने के लिए यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं हेतु थाली और थैला एकत्रित किए जा रहे हैं। इस अभियान को राजनांदगांव पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया जा रहा है। शांतिनगर क्षेत्र से थैला और थाली एकत्रित का कर महिलाओं ने पर्यावरण संगठन गतिविधि के कार्यकर्ताओं को शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में इस कुंभ मेले के लिए सौंपा है।









## खबर संक्षेप

### दनिया खुर्द स्कूल में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दनिया खुर्द में पदस्थ शिक्षिका के बेटी की शादी होने पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दनिया खुर्द में विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं व शाला स्टाफ में भारी खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर शाला के शिक्षिका श्रीमती भावना बिसेन सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### डबरी स्कूल में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला डबरी में संत गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने बाबा की तैलचित्र में पूजा-अर्चना कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व माध्यमिकि शाला के शिक्षक दिलीप देवांगन ने कहा गुरु घासीदास बाबा का सम्पूर्ण जीवन मानव समाज के लिए था, उन्होंने सत्य, अहिंसा तथा प्रेम का सन्देश दिया जो आज भी प्रासंगिक है। शाला प्रधान पाठक होरीलाल गबेल ने कहा कि गुरु घासीदास का जन्म समय समाज में भेदभाव व्याप्त था, लोग अपने संकीर्ण मानसिकता के कारण छुआछूत जैसे सामाजिक कुरीतियों को दिल में बैठाए थे। उन्होने कहा बाबा का सन्देश हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है व मनखे-मनखे एक समान का सिद्धांत सबमें सामाजिक समरसता का भाव जगाता है। श्री गबेल ने कहा कि नदी, वृक्ष व संत परोपकारी होते हैं अतः ये पूज्यनीय है। इस कार्यक्रम में पंथी नृत्य आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों द्वारा विजयी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया, इस अवसर पर शिक्षक छवि यादव, संजय चतुर्वेदी, सत्यपाल सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाएगा घासीदास जंयती, समाज में उत्साह

**कवर्धा।** शहर सहित क्षेत्र में 18 दिसम्बर को बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बाबा गुरू घासीदास जयंती समाज के द्वारा भव्य रैली, मंगल आरती के साथ मनाया जाएगा।

## प्रदर्शन: विभिन्न मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# पांच सूत्रीय मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शंकर नगर वार्ड क्रमांक 08 में वर्षो पुराने डबरी तालाब सौंदरीकरण का उपेक्षा झेल रहा है। वहीं डबरी तालाब में शिक्षक कॉलोनी जी श्याम नगर व जेवड़न मार्ग व वार्ड 02 के लोगों के निस्तारी का उपयोग आता है। इन कॉलोनियों के आस-पास कोई तालाब नहीं होने के कारण सुख-दुख में डबरी तालाब का ही उपयोग करते है। इसके बाद भी तालाब के सौन्दरीकरण और मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तालाब का सौन्दरीकरण व अन्य पांच सूत्रीय मांगों को लेकर वार्डवासियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।

वही नगर पालिका जल सत्याग्रह से डर गई और प्रदर्शन के ठीक पहले तालाब को तोड़कर पानी बहा दिया गया। दरसअल वार्ड 08 में के लोगों की मांग पर पूर्व मंत्री लगभग द्वारा 20 लाख रूपए की राशि सौन्दरीकरण और मरम्मत के लिए स्वीकृति की गई थी, जिसका टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। साथ ही 26 जून 2023 को ठेकेदार को वर्क ऑडर भी जारी कर दिया गया है। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्य को ना कराकर वार्डवासियों की उपेक्षा कर रही है। जिसके विरोध में वार्डवासियों द्वारा पांच सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है और एसडीएम व नगर पालिका सीएमओ के नाम ज्ञापन सौपा गया। वार्ड क्रमांक 08 के पास वार्डवासियों ने धरना प्रदर्शन कर तालाब निर्माण जल्द प्रारंभ किए जाने, बस स्टॉप को हटाकर महिलाओं के चेजिंग रूम बनाया जाने, तालाब का गहरीकरण व मेड़ बधान को ऊंचा करने, तालाब का चौड़ीकरण करते हुए पचरी निर्माण सहित तालाब का नियमित सफाई हो व पुल निर्माण किए जाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। इस धरना प्रदर्शन में दीपक ठाकुर, हेमंत ठाकुर, वाल्मिकी वर्मा, मुकेश सिन्हा, प्रशांत परिहार, राजा, दिलेश्वर राजपूत, विक्की, भोला श्रीवास, सम्भू कहार सहित वार्डवासी गण उपस्थित थे।



**जिम्मेदारों ने सिर्फ और सिर्फ निभाई औपचारिकता**

नगर पालिका के अधिकारियों व ठेकेदार की मनमानी के चलते तालाब का निर्माण कार्य एक वर्ष से रुका हुआ है। इससे वार्डवासियों को तालाब में निस्तारी करने में परेशानी हो रही है। अब वार्डवासी आंदोलन की राह पर आ गए तब नगर पालिका द्वारा एक जेसीबी से तालाब को फोड़कर पानी को बहा दिया गया और तालाब में कार्य शुरू करने की औपचारिता निभाई जा रही है। धरना प्रदर्शन कर मांग पूरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में किसानों का बुरा हाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में धान की हर वर्ष बंपर उत्पादन हो रहा है, लेकिन धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिखाई दे रही है। एक ओर जहां धान खरीदी ऑपरेटर हड़ताल पर है, वही दूसरी ओर राइस मिलर्स द्वारा धान का उठाव नहीं करने की कारण खरीदी केन्द्रों पर धान खरीदी बंद है जिसके चलते सरकार तक किसानों की आवाजों को पहुंचाने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर प्रदेश की बदहाल स्थिति के विरोध में विगत पांच दिनों से लगातार कांग्रेस पार्टी के सभी विंगों द्वारा अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला किसान कांग्रेस द्वारा हाथ में तख्ती लेकर शहर के मुख्य चौंक चौराहों पर खड़े होकर प्रदर्शन किया गया।

जिस पर जिला किसान कांग्रेस प्रभारी किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने बताया कि आज का यह प्रदर्शन सरकार को आईना दिखाने के लिए था, जिस तरह चुनाव से पहले भाजपा के नेताओ ने बड़ी बड़ी बाते वायदे किए थे वो सारे आज झूठे नजर आ रहे है, किसानों को एक मुश्त 31 सौ रुपए धान का कीमत देने की नाम पर आज मात्र 23 सौ रूपए ही दिया जा रहा है, बारदाने की व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है, धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों के साथ ज्यादा धान तौल कराकर देने का दबाव बनाया जा रहा है जो की शर्मनाक है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कहा कि केंद्र की सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रूपए बढ़ाया है, उस हिसाब से किसानों को अब 3217 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से पैसा मिलना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में जिला किसान कांग्रेस प्रभारी रवि चंद्रवंशी, वरिष्ठ लालजी चंद्रवंशी, पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्रकार, महामंत्री गोपाल चद्रवंशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत, ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल, शिवप्रसाद वर्मा, मनीष शर्मा, पालेश्वर चंद्रकार, घनश्याम साहू, त्रिलोक निर्मलकर, अरुण साहू, वाल्मीकि वर्मा, आकाश केशरवानी, भोला चंद्रवंशी, चेतन वर्मा, रामदास पटेल, जलेश बघेल, कोमल साहू, राहुल, वैभव, सुजल, आशु साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## पेण्ड्रीकला में गुरु घासीदास जयंती पर मानव-मानव एक समान का दिया संदेश



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय पेण्ड्रीकला में बाबा गुरू घासीदास जयंती के उपलक्ष्य पर संत शिरोमणि गुरू घासीदास के प्रतिमा पर विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात गुरू घासीदास के अमरवाणी संदेश को छात्र छात्राओं को बताया गया साथ ही साथ विद्यार्थियों द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं को बताया गया कि गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसम्बर 1756 को गिरौदपुरी में हुआ था उनके पिता का नाम महंगू दास एवं माता का नाम अमरौतिन बाई एवं पत्नी का नाम सफुरा था। बचपन से ही सत्य के प्रति अटूट आस्था एवं निष्ठा के कारण बालक घासीदास को कुछ दिव्य शक्तियां हासिल हो गई, जिसका अहसास बालक गुरू बाबा गुरूघासी को भी नहीं था। उन्होंने जाने-अनजाने में कई चमत्कारिक प्रदर्शन किए, जिसकी वजह से उनके प्रति लोगों की आस्था एवं निष्ठा बढ़ी। ऐसे ही समय में बाबा ने भाई चारे एवं समरसता का संदेश दिया। उन्होंने समाज के लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की बल्कि अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता के लिए किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सतनाम पंथ की स्थापना की। बाबा घासीदास को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के सारंगढ़ स्थित एक वृक्ष के नीचे तपस्या करते समय ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं का विरोध किया तथा समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार और महत्व पर जोर दिया। बाबा गुरु घासीदास के सात वचन सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिसमें सतनाम पर विश्वास, मूर्ति पूजा निषेध, वर्ण भेद एवं हिंसा का विरोध, व्यसन से मुक्ति, परस्त्रीगमन का निषेध और दोपहर में खेत न जोतना आदि का संदेश दिया। बाबा गुरु घासीदास द्वारा दिए गए उपदेशों से समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व की पहचान और अन्याय से जूझने की शक्ति प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रमुख बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र प्रीतम कश्यप व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# विधायक ने विस में औद्योगिक क्षेत्र व फूड पार्क स्थापना जल्द करने सदन में उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा में विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा लगातार जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जा रहा है। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भी श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना को लेकर प्रश्न उठाया साथ ही साथ नगरीय निकायों में रिक्त पदों पर अस्थाई व्यवस्था, राशन कार्ड के नवीनीकरण एवं संलग्नीकरण किए गए एवं नवीन उचित मूल्य की दुकानों के संबंध में भी प्रश्न किया। विद्यायक श्रीमती बोहरा ने पूछा की पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना हेतु ग्राम कुई, विकासखंड पंडरिया में कुल रकबा 11.498 हेक्टेयर शासकीय भूमि का चयन किया गया था एवं भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही न्यायालय नायब तहसीलदार, कबीरधाम के समक्ष प्रक्रियाधीन थी? क्या इसका निवारण किया जा चुका है? यदि नहीं तो कब तक किया जाएगा तथा भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अमूमन कितने समय में औद्योगिक एवं फूड पार्क की स्थापना की जाएगी? जिसके प्रति उत्तर में विभागीय मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि पंडरिया विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना हेतु ग्राम कुई तहसील पंडरिया में कुल रकबा 11.498 हेक्टेयर शासकीय भूमि के हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, जिसे कलेक्टर द्वारा भूमि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरित की गई है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरांत जल्द ही फूड पार्क की स्थापना की जा सकेगी।



पंडरिया ने पंडरिया विधानसभा के नगर पालिका परिषद पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई एवं नगर पंचायत इंदौरी में कौन-कौन से पद रिक्त हैं, उनमे भर्ती कब तक की जाएगी एवं रिक्त पदों पर अस्थाई की गई है तो उसके संबंध में जानकारी के संबंध में प्रश्न पूछा। जिसके उत्तर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि नगर पालिका परिषद पंडरिया में उपअभियंता, लेखापाल, सहायक वर्ग 02, राजस्व उप निरीक्षक के 1-1 पद एवं सहायक वर्ग-03 के 2 पद रिक्त हैं। नगर पंचायत पाण्डातराई में उप अभियंता एवं लेखापाल के 1-1 पद तथा नगर पंचायत इंदौरी में उप अभियंता, लेखापाल, राजस्व उप निरीक्षक एवं सफाई दरोगा के 1-1 पद एवं सहायक वर्ग-03, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं भृत्य के 2-2 पद रिक्त हैं जिसमें भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। नगर पालिका परिषद पंडरिया में उप अभियंता के अस्थाई व्यवस्था हेतु डीआर साहू उप अभियंता, नगर पंचायत बोड़ला को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जानकारी दी की नगर पालिका पंडरिया में लेखापाल के अस्थाई व्यवस्था हेतु अजय पटेल, सहायक राजस्व निरीक्षक, नगर पंचायत पाण्डातराई को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पालिका परिषद पंडरिया में सहायक ग्रेड़-03 के अस्थाई व्यवस्था हेतु भूपेन्द्र मानिकपुरी, सहायक ग्रेड़-03, नगर पंचायत पाण्डातराई को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पंचायत पाण्डातराई में उप अभियंता के अस्थायी व्यवस्था हेतु पीएल इन्दौरिया, उप अभियंता, नगर पंचायत पिपरिया को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पंचायत इंदौरी में उप अभियंता का पद रिक्त है, अस्थाई व्यवस्था हेतु संजय मोटवानी, उप अभियंता, नगर पंचायत देवकर को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत इंदौरी में लेखापाल का पद रिक्त है अस्थाई व्यवस्था हेतु राजेश चन्द्रवंशी, लेखापाल नगर पंचायत पिपरिया को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ग्रामीण जन ठंड से बचने ले रहे आलाव का सहारा


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर सहित क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है वहीं ग्रामीण क्षेत्र जिसमें ग्राम कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, पिपरमाटी, मोहतरा, कंझेटा, बसनी, सूरजपूरा, खैलटुकरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों द्वारा ठंड से बचने के लिए आलाव का सहारा ले रहें है।









## खबर संक्षेप

### पंचायत चुनाव : आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के आरक्षण को स्थगित कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के आरक्षण की कार्यवाही के लिए समय सारणी जारी की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त कार्यवाही को स्थगित की गई है।

### राज्य वीरता पुरुस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुध्दिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरूस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके तहत 05 बालक, बालिका को 25 (पच्चीस) हजार रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरूस्कार के रूप मे प्रदान किया जाएगा। इस संबंध मे आवेदन 02 जनवरी 2025 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम को प्रस्तुत की जाएगी। आवेदन निर्धारित प्रारूप मे समस्त अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि तक स्वीकार्य होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही की जाएगी।

**ठगी:** मृतक खाताधारकों के खातों से फर्जी ढंग से राशि आहरित करने का आरोप

# एसबीआई शाखा बोड़ला के चार कर्मचारी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पुलिस प्रशासन ने शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए मृतक खाताधारी के खाते से फर्जी ढंग से राशि आहरित करने वाले बोड़ला एसबीआई बैंक चार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 409, 467, 468, 471, 34 के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक हटीला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मृतक रिस्तेदार दीपा अहिरवार के बोड़ला एसबीआई बैंक शाखा में संचालित खाते में बैंक कर्मियों द्वारा छेड़छाड़ कर तथा फर्जी एटीएम कार्ड जारी कर 1,46,000 रूपए की राशि आहरित कर ली है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की गई और जांच में पाया गया कि बैंक में कार्यरत प्रतीक उइके, संजय प्रकाश जरीके पिता स्व. बीरसिंह जरीके, निशांत कुमार पिता अखिलेश झा तथा सूरज शर्मा पिता जितेंद्र शर्मा ने आपसी मिलीभगत कर मृतक दीपा अहिरवार के खाते में जमा 1,46,000 रूपए की राशि को फर्जी एटीएम के जरिए निकाल ली है। इस खुलासे के बाद पुलिस ने पहले प्रतीक उइके को गिरफ्तार किया और वहीं सोमवार को इस फर्जीबाड़ा में शामिल संजय प्रकाश जरीके पिता स्व. बीरसिंह जरीके, निशांत कुमार पिता अखिलेश झा तथा सूरज शर्मा पिता जितेंद्र शर्मा को भी आईपीसी की धारा 420, 409, 467, 468, 471, 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी बोड़ला राजेश चण्ड और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दो खातों से निकाली गई राशि



पुलिस जांच में इस बात का खुलासा किया गया है कि महिला मंगली बाई के डिएक्टिव खाते से भी इन आरोपियों ने इसी ढंग से 82 हजार रुपए की निकासी की है। इस पैसे को निकालने के लिए मंगली बाई के नाम पर फर्जी एटीएम कार्ड बनवाया गया। इस खाते से 40 हजार नकद और 40 हजार फूल सिंह नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर किए गए। ये ग्रीन चैनल के माध्यम से निकाले गए। इसके अलावा छितर सिंह के फिक्स्ड डिपॉजिट की 2,40,000 की राशि को मंगली बाई के खाते में ट्रांसफर कर निकाला गया है।

### और भी खातों से राशि आहरित करने की आशंका

इस मामले में एसपी कवर्धा धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि ऐसे और भी खाते हो सकते हैं, जिनकी राशि इसी तरह से आहरण करने की अशंका है। सालों बीत जाने के कारण वास्तविक खातेदार भी इन खातों की पड़ताल नहीं करते है, इसका लाभ बैंक के ही अधिकारी इसी तरह से उठाते हैं। जिसकी पुलिस प्रशासन जांच की जा रही है तथा अभी तक जिन आरोपियों को इस फर्जीबाड़े में गिरफ्तार किया गया है उनसे भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग कर जनता को ठगने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से इस संगठित ठगी का पर्दाफाश हुआ है।



फाईल फोटो

# गुरुघासीदास जयंती पर आज मद्य निषेध दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बाबा गुरूघासीदास जयन्ती के अवसर पर 18 दिसम्बर 2024 को जिला स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों के सहयोग से मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सर्व विभाग प्रमुख को इस संबंध में पत्र जारी कर इस अवसर पर जन सामान्य को मद्यपान के विरूद्ध व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी समिति के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया कि रेडियों एवं दूरदर्शन से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण, जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही की जाएगी। यथा संभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित किया जाकर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देने।

नशामुक्ति साहित्यों का वितरण। सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार। नशा तथा एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार। विद्यार्थियों में नशापान के विरुद्ध जागरूकता लाना है।

इसके लिए विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय में नशापान के दुष्परिणामों पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्थानीय संस्कृतिक एवं परम्पराओं के अनुरूप अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# जिले में नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल जारी

## 19 नवम्बर से लगातार जारी है अनिश्चितकालीन हड़ताल



- जिले में लगभग 250 प्लेसमेंट कर्मचारी निकायों में कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी 3 सुत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं। लेकिन करीब एक माह बीतने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। जिसके बाद अब प्रदर्शकारी आंदोलन को बड़ा रूप देने की रणनीति बना रहे हैं। गौरतलब है कि कबीरधाम जिले के नगर पालिका और नगर पंचायत के लगभग 250 प्लसमेंट कर्मचारी 19 नवंबर से हड़ताल पर बैठे हैं। नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी संघ कवर्धा के अध्यक्ष हरनदास मानिकपुरी का कहना है कि कवर्धा के राजीव गांधी पार्क में शुरू हुई हड़ताल को करीब एक माह बीत चुका है। लेकिन प्रशासन का कोई प्रतिनिधि मंडल अब तक प्रदर्शनकारियों से मिलने नहीं आया है। उन्होने कहा कि हम 19 नवंबर से मांगों को लेकर हड़ताल में बैठे हैं। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती, हड़ताल जारी रहेगा। उन्होने कहा कि यदि हमारी मांगें पूरी नहीं होगी तो हम प्रदेश स्तर पर आगामी नगरीय निकाय चुनाव का परिवार सहित बहिष्कार करेंगे।

### हड़ताल से नगर में फैली अव्यवस्था

नगरीय निकाय कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से नगर में हर तरफ अव्यवस्था फैली हुई है। साफ सफाई से लेकर पेयजल आपूर्ति और बिजली मेंटनेंस के काम प्रभावित हो रहे हैं। नगर में जगह जगह गंदगी का आलम है। दर्जनों जगहों पर पाइप कनेक्शन में फाल्ट होने के बावजूद मेंटनेंस नहीं हो रहा है। बिजली मेंटनेंस नहीं होने से शहर के कई वार्डों में अंधेरा पसरा हुआ है।

### शासन के समक्ष संघ ने रखी तीन सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी संघ ने शासन के समक्ष अपनी तीन सूत्रीय मांगे रखी है जिसमें नगरीय निकाय प्लेसमेंट में ठेका प्रथा को समाप्त करने, शासन वन विभाग, पीएचई विभाग और अन्य विभागों की तरह सीधे कर्मचारियों के खाते में राशि भुगतान करने तथा सभी नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को तनख्वाह के साथ 4 हजार रुपए पीएम सम्मान निधि भी दिया जाए।

### नगरीय निकाय के कुछ नियमित कर्मी भी हड़ताल पर

जानकारी के मुताबिक जिले के नगरीय निकायों के नियमित कर्मचारी भी गत 11 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ नियमित कर्मचारियों ने हड़ताल से किनारा कर लिया है और वे वापस काम लौट आए हैं लेकिन कुछ अभी भी हड़ताल डंटे हुए हैं।

# खारा और लोहारीडीही के स्कूलों में बनेगा अतिरिक्त कक्ष

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में बढ़ाए जा रहे सकारात्मक कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सुदूर वनांचल क्षेत्रों सहित मैदानी इलाकों में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशों पर आज शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 24 लाख 21 हजार रुपए की लागत से 03 ग्रामों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य खासतौर पर सुदूर वनांचल क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत खारा के माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष, ग्राम पंचायत लोहारीडीही में प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष तथा ग्राम पंचायत खारा में प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा। इन सभी अतिरिक्त कक्षों का निर्माण 8 लाख 7 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मंगलू सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए यह कदम अहम साबित होगा। इन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। विष्णुदेव साय सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कपूरचंद ठाकरे ने कहा कि यह कदम राज्य सरकार के शिक्षा का अधिकार और समावेशी विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगा कि दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता में कोई कमी न आए। भूमिपूजन कार्यक्रम में मंगलू सिंह, कपूरचंद ठाकरे, मनीराम यादव, राजकुमार मरावी, गजानंद यादव, पुनाराम, बिदेश मेरावी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के इस महत्वपूर्ण कदम की सराहना की और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई।

# हरी झंडी दिखाकर महिला सखी टीम को किया रवाना

- डॉ रोशनी हिरवानी के नेतृत्व में किए गए रवाना रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला




पशुधन विकाश विभाग के द्वारा कृषक कौशल विकास योजना के अंतर्गत कृषक/पशुपालक भ्रमण यात्रा को बोड़ला जनपद के क्षेत्र क्रमांक 09 के जनपद सदस्य नरेश चंद्रवंशी ने महिलाओं की टीम को बोड़ला से हिमांचल प्रदेश के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिलाओं के इस यात्रा का उदेश्य महिला सशक्तिकरण है ताकि महिला अपने आप में आत्मनिर्भर व निडर बन सके। पंद्रह सदस्यीय टीम में पशु टीम व कृषि टीम को विशाखा डेयरी, ईस्कान गौशाला, एसवी वेट हॉस्पिटल, एसवी वेट यूनिवर्सिटी का भ्रमण कराया जायेगा। इस भ्रमण कार्यक्रम में महिलाओ में काफी कुछ सिखने की ललक और उत्साह देखने को मिला, सभी महिलाओं ने चंद्रवंशी और डॉ. रोशनी हिरवानी को धन्यवाद प्रेषित किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरियाा




छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कबीरधाम जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पिपरिया में स्वास्थ्य जांच एवं निशुल्क र क त दा न शिविर का आ यो ज न किया गया। इस कार्यक्रम का उ द्दे श य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में 22 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिसमें युवाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। रक्तदान को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी प्रदान की गई, जिसमें कई ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई, जिसमें रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, और अन्य बीमारियों की जांच शामिल थी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा जांच के बाद मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। निः शु ल क र क त दा न शिविर में यु वा ओं , सा मा जि क संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में एकत्रित रक्त को जरूरतमंद मरीजों के लिए जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शिविर में सहभागिता की और इसे सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उपस्थित नागरिकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का सकारात्मक कदम बताया।

### गुरु घासीदास जयंती अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग रायपुर से जारी अधिसूचना अनुसार 18 दिसम्बर 2024 को गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर जिले की समस्त देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें बंद रखी जाएगी। उक्त दिन मदिरा का विक्रय पूर्णतः बंद रहेगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला आबकारी अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि उक्त अवधि में जिले में मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाए व जब्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

**स्वयं सेवकों में मै नहीं आप की भावना के साथ व्यक्तित्व का होता है विकास**

# सात दिवसीय रासेयो विशेष शिविर में योग, स्वच्छता, बौद्धिक परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरा युवा भारत के लिए युवा, डिजिटल भारत के लिए युवा थीम पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रासेयो के 50 छात्र- छात्रा भाग ले रहे है। जिनके साथ कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत व्याख्याता, सुश्री राधिका मंडावी व्याख्याता तथा जिला संगठक कबीरधाम डॉ. कामती सिंह परिहार के दिशा निर्देशानुसार ग्राम राम्हेपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें योग एवं पीटी के साथ परियोजना कार्य, स्वच्छता, पूर्ण मतदान, बालिका शिक्षा, जलसंग्रहण, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण पर रैली निकालकर क्षेत्रवासियों को प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा स्थानीय मां महामाया मंदिर परिसर पर स्वच्छता कार्य किया गया। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से बौद्धिक परिचर्चा सत्र की जा रही है। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजा अर्चना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। चर्चा में मुख्य वक्तता के रूप में सौखी लाल माहिले प्रधानपाठक, श्यामकुमार चंद्रवंशी शिक्षक, चंद्रहास वर्मा शिक्षक, श्रीमती ज्योति चंद्रवंशी शिक्षक पूर्व माध्यमिक विद्यालय राम्हेपुर के साथ संस्था के प्राचार्य केएस साहू, ग्रामीण पुरन साहू उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक हमेशा देश की सेवा व सम्मान के लिए कार्य करते है। आवासीय शिविर के माध्यम से आपसी समरसता, एकता की भावना विकसित होता है। स्वयं सेवकों में मै नहीं आप की भावना के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। साधन नहीं साध्य पर शिविर का आयोजन किया जाता है। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं के प्रेणना स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाएं ज्ञान का खजाना हैं। वे आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज, आत्म-सुधार, दूसरों की सेवा और सार्वभौमिक, भाईचारे के महत्व पर जोर देते हैं। उनका आदर्श वाक्य, उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए, आज भी दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करता है। इस शिविर में दल नायक स्वयं सेविका राधिका साहू, गोदावरी साहू, दल नायक पीयूष जायसवाल स्वयं सेवक मंगल चौहान, योगेश, सियाराम, नीतीश, नेहा, रेशमा, प्रियंका, सुप्रिया, काजल तथा सभी स्वयं सेवक उपस्थित है।




### कवर्धा नगर के वृद्धाश्रम में खेलकूद आयोजन से बुजुर्गों में दिखा उत्साह

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनादेश परब के तहत कबीरधाम जिले के समाज कल्याण विभाग ने कवर्धा स्थित वृद्धाश्रम में एक अनूठे खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को सक्रियता और खुशियों से भरपूर पलों का अनुभव कराना था। इस विशेष आयोजन में वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल गतिविधियों जैसे चेयर रेस, अंताक्षरी, गेंद फेंक, और स्मृति आधारित खेलों का आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने इन खेलों में न केवल अपनी प्रतिभा दिखाई, बल्कि उत्साह और उमंग से आयोजन को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान कुछ बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि इतने वर्षों बाद उन्होंने इस तरह के आयोजन में भाग लिया है, जिससे उन्हें नई ऊर्जा और खुशी का अनुभव हुआ। एक बुजुर्ग ने कहा कि यह हमारे जीवन का एक विशेष दिन है। हमने अपने बचपन के दिनों की यादों को फिर से जी लिया।

